सतना
04 मई 2026 सोमवार
दैनिक
# मीडियाऑडीटर
सतना, रीवा एवं मनेन्द्रगढ़ से एक साथ प्रकाशित

### ट्रम्प की चेतावनी- ईरान ने गलती की तो फिर हमला

## उनके 14-पॉइंट प्रस्ताव का रीव्यू कर रहे, लेकिन नहीं लगता कि यह स्वीकार्य होगा



**तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन डीसी,एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने चेतावनी दी है कि ईरान ने कोई गलती की, तो उस पर फिर से हमले हो सकते हैं। फ्लोरिडा में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि अमेरिका फिलहाल मजबूत स्थिति में है, जबकि तेहरान दबाव में है और समझौता करना चाहता है।

इसके अलावा ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर पोस्ट कर बताया कि पाकिस्तान की मध्यस्थता में ईरान की ओर से 14-पॉइंट का प्रस्ताव मिला है, जिसके विस्तृत ड्राफ्ट का इंतजार है।

## तिरुपति लड्डू विवाद:बिना जांच किए इस्तेमाल हुआ 70 लाख किलो घी

### न सप्लायर्स को ब्लैक लिस्ट किया, न खरीद रोकी



**हैदराबाद,एजेंसी।** आंध्र प्रदेश में तिरुमला तिरुपति देवस्थानम के लड्डू प्रसाद के लिए घी खरीद में गंभीर अनियमितताओं और संगठित नेटवर्क का खुलासा हुआ है। एक सदस्यीय जांच समिति की रिपोर्ट के अनुसार करीब 70 लाख किलो घी बिना अनिवार्य जांच के खरीदा गया और कई मामलों में लैब रिपोर्ट आने से पहले ही उसे प्रसाद में इस्तेमाल कर लिया गया।

समिति ने बड़े स्तर पर प्रशासनिक विफलताओं, प्रक्रिया के उल्लंघन, संभावित मिलीभगत के आरोप लगाए हैं। समिति का कहना है कि इन्हीं वजहों से मिलावटी घी की सप्लाई संभव हो सकी।

रिपोर्ट में पूर्व कार्यकारी अधिकारी एवी धर्मा रेड्डी को प्रमुख जिम्मेदार बताया गया है। समिति ने उन पर टेंडर नियमों को कमजोर करने, मिलावट की पुष्टि के बाद भी कार्रवाई न करने, संदिग्ध सप्लायर्स को काम जारी रखने देने जैसे आरोप लगाए हैं।

धर्मा रेड्डी पहले कह चुके हैं कि सभी फैसले खरीद समिति के सभी सदस्यों की सहमति से लिए गए। कॉन्ट्रैक्ट नियमों के मुताबिक दिए गए।

**ऐसे हुआ भक्तों के विश्वास और सेहत से खिलवाड़ :** मिलावट के सबूत के बावजूद घी का इस्तेमाल हुआ। रिपोर्ट के मुताबिक, 3 अगस्त 2022 की लैब रिपोर्ट में सभी जांचे गए सैंपल में सिटोस्टेरॉल मिला। इसे वनस्पति तेल की मिलावट का संकेतक माना जाता है। इसके बावजूद रिपोर्ट पर कार्रवाई नहीं हुई।

## मणिपुर हिंसा:3 साल में सिर्फ सीएम बदला, हालात नहीं

### केंद्र सरकार 2029 तक उग्रवाद खत्म करने की तैयारी में; शुरुआत अमरनाथ यात्रा के बाद




**इंफाल,एजेंसी।** मणिपुर में मैतेई-कुकी समुदायों के बीच जातीय हिंसा भड़के तीन साल हो चुके हैं, लेकिन 37 लाख की आबादी वाले इस छोटे से राज्य में आज भी दोनों समुदायों में डर का माहौल है। डर इसलिए, क्योंकि दोनों ही समुदायों के हथियारबंद 'वॉलेंटियर' कभी भी गोलीबारी शुरू कर देते हैं।

राज्य में इस वक्त 50 से ज्यादा उग्रवादी समूह सक्रिय हैं। इनमें से आधे सरकार के साथ बातचीत में शामिल हैं, फिर भी हिंसा की ताजा घटनाओं में इन्हीं की संलिप्तता सामने आई है। राज्य में तैनात एक शीर्ष सैन्य अधिकारी ने बताया कि देश से नक्सलवाद खत्म करने के बाद केंद्र सरकार का पूरा फोकस अब पूर्वोत्तर के उग्रवाद पर है। इसमें भी मणिपुर सबसे ऊपर है।

उग्रवाद के खात्मे का लक्ष्य 2029 तय किया गया है। इसकी शुरुआत अमरनाथ यात्रा के बाद हो सकती है।

मासूम मौतें: आखिर 25 दिन बाद परिवार ने किया दोनों बच्चों का अंतिम संस्कार

7 अप्रैल को ट्रोंगलाओबी में जिन 2 मासूम बच्चों की संदिग्ध उग्रवादियों के बम धमाके में मौत हुई थी, उनका अंतिम संस्कार शनिवार को लामथाबुंग ग्राउंड में कर दिया गया। बच्चों के शव तब से ही मुर्दाघर में रखे थे। परिवार का कहना था कि जब तक बच्चों को न्याय नहीं मिलता, अंतिम संस्कार नहीं करेंगे।

बच्चों की दादी ने बताया कि सरकार ने हमें पैसा, नौकरी देने की बात की, लेकिन हमने मना कर दिया। हमें बच्चों के लिए न्याय चाहिए।

# क्रूज हादसे में 13 मौतें...चौथे दिन मिले चाचा-भतीजे के शव



### कार्गो विमान से तमिलनाडु भेजे गए शव

बरगी क्रूज हादसे में जान गंवाने वाले तमिलनाडु के पर्यटकों के शव उनके गृह राज्य भेजे गए। जबलपुर के डुमना एयरपोर्ट से कार्गो विमान के जरिए शवों को त्रिची रवाना किया गया। शुरुआत में तकनीकी कारणों से एक कार्गो विमान में दिक्कत आई, जिसके बाद शवों को दूसरे विमान से भेजा गया। मृतकों के परिजन भी साथ में रवाना हुए हैं। प्रशासन की ओर से अन्य शवों को भी उनके गृह राज्यों तक पहुंचाने की तैयारी की जा रही है।

### ● परिजन बोले- एक्सीडेंट नहीं, मर्डर है; पूछा- अब तक कौन सा ऑफिसर अरेस्ट हुआ?

**जबलपुर,एजेंसी।** 'यह एक्सीडेंट नहीं, मर्डर है... हमें रेमेडी (मुआवजा) नहीं, जस्टिस चाहिए। इसके लिए सारा का सारा एमपी टूरिज्म डिपार्टमेंट रिस्पॉन्सबल है। अभी तक कितने ऑफिसर अरेस्ट किए गए, कितना सस्पेंड किए गए। बोट ऑपरेटर कहां है? उसे अरेस्ट क्यों नहीं किया गया? '

यह आक्रोश है क्रूज हादसे में अपनों को खोने वाले परिजनों का। परिजन सीधे तौर पर टूरिज्म डिपार्टमेंट को कटघरे में खड़ा कर रहे हैं और सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। वहीं आज सुबह 9.40 बजे कामराज आर. का शव निकाला गया। इससे पहले सुबह करीब 6 बजे उनके 8 साल के भतीजे मयूरन की डेडबॉडी मिली थी। वह त्रिची (तमिलनाडु) से आया था। हादसे में अब तक 13 लोगों की मौत हो चुकी है। इससे पहले शनिवार शाम 6 बजे दो बच्चों के शव मिले थे। इनमें से एक की पहचान श्रीतमिल पिता कामराज (5) और दूसरे की विराज पिता कृष्ण सोनी (5) के रूप में हुई थी।

हादसे के पहले दिन (30 अप्रैल) 4 शव, दूसरे दिन 5, तीसरे दिन 2 और आज चौथे दिन दो शव मिले। मृतकों में 4 बच्चे और 8 महिलाएं शामिल हैं। सीएसपी अंजुल अयंक मिश्रा ने बताया कि एहतियात के तौर पर आज दिनभर सर्चिंग अभियान चलाया जाएगा।

**शाम 5 बजे तेज हवा में पलटा था क्रूज**

30 अप्रैल की शाम करीब 5 बजे MP टूरिज्म का पर्यटकों से भरा क्रूज बरगी डैम में डूब गया था। उसमें करीब 47 पर्यटक सवार थे, जबकि टिकट सिर्फ 29 लोगों की ही कटी थी।

### ईडी की 2025-26 में सबसे ज्यादा 2,892 रेड

## गिरफ्तारी में 27% की कमी आई, 81 हजार करोड़ की संपत्ति अटैच, 32 हजार करोड़ लौटाए

**नई दिल्ली,एजेंसी।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने साल 2025-26 में इतिहास में सबसे ज्यादा छापेमारी की। एजेंसी ने कुल 2,892 छापे मारे, जो पिछले साल 1,491 के मुकाबले लगभग दोगुने हैं।

ईडी की सालाना रिपोर्ट 2025-26 के मुताबिक मनी लॉन्ड्रिंग के तहत गिरफ्तारियों में कमी आई। वहीं संपत्ति अटैचमेंट और पीड़ितों को पैसे लौटाने के मामलों में रिकॉर्ड बढ़ोतरी दर्ज की गई।

ईडी ने 712 प्रोविजनल अटैचमेंट ऑर्डर जारी कर 81,422 करोड़ रुपए की संपत्ति जब्त की। यह पिछले साल के



30,036 करोड़ रुपए के मुकाबले 171% ज्यादा है। ये अटैचमेंट PMLA की एडजुडिकेटिंग अथॉरिटी से पुष्टि के बाद स्थायी होते हैं।

ED की गिरफ्तारियों में करीब 27% की कमी आई है। ईडी ने 156 लोगों को गिरफ्तार किया, जबकि पिछले साल यह संख्या 214 और इससे पहले 272 थी। एजेंसी के मुताबिक अब वह टारगेटेड और सबूत आधारित जांच पर ज्यादा फोकस कर रही है।

**पीड़ितों को 32 हजार करोड़ लौटाए:** रिपोर्ट की सबसे बड़ी उपलब्धि फ्रॉड पीड़ितों को संपत्ति लौटाना रही। FY26 में ईडी ने 32,678 करोड़ रुपए की संपत्ति निवेशकों, होमबॉयर्स और बैंकों को वापस दिलाई, जो पिछले साल 15,263 करोड़ रुपए थी। इसमें PACL पोंजी स्कैम केस का बड़ा योगदान रहा, जहां अकेले 15,582 करोड़ रुपए लौटाए गए।

## चेन्नई एयरपोर्ट पर चलते विमान से कूदा यात्री, एक घंटे बंद रहा रनवे



**नई दिल्ली,एजेंसी।** आज सुबह शारजाह से चेन्नई जाने वाली एयर अरेबिया की एक फ्लाइट में सवार यात्रियों को उस समय जबरदस्त झटका लगा, जब चेन्नई इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर लैंडिंग के बाद एक पुरुष यात्री ने इमरजेंसी एग्जिट का दरवाजा खोला और बाहर कूद गया। एयरपोर्ट अधिकारियों के मुताबिक, यह घटना लैंडिंग के तुरंत बाद हुई जब एयरक्राफ्ट मेन रनवे से निकल चुका था और पूरी तरह रुकने से पहले टैक्सीवे पर धीरे-धीरे चल रहा था। अचानक हुई इस घटना से यात्रियों में घबराहट फैल गई और तुरंत सिक्योरिटी टीम ने कार्रवाई की। **'चलती फ्लाइट से कूद गया यात्री'** :चेन्नई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के एक वरिष्ठ अधिकारी ने इस घटना की पुष्टि करते हुए कहा, 'हां, जब वह बाहर कूदा तब भी विमान धीरे-धीरे आगे बढ़ रहा था। इसमें किसी की जान का नुकसान नहीं हुआ और न ही विमान को कोई क्षति पहुंची।'



## आतंकवाद पर होगा कड़ा प्रहार: राष्ट्रीय राइफल्स को मिलेंगे 159 नए 'बुलेटप्रूफ वाहन', सुरक्षा होगी और मजबूत

**नई दिल्ली,एजेंसी।** भारतीय सेना ने जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में तैनात राष्ट्रीय राइफल्स की क्षमता बढ़ाने के लिए 159 आधुनिक बुलेटप्रूफ ट्रूप कैरियर (बीपीटीसी) खरीदने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

सेना ने इस परियोजना के लिए भारतीय विक्रेताओं की पहचान करने के उद्देश्य से सूचना के लिए अनुरोध (आरएफआई) जारी किया है। चयनित कंपनी को अनुबंध के बाद हर वर्ष कम से कम 60 वाहनों की आपूर्ति करनी होगी।

राष्ट्रीय राइफल्स वर्तमान में पुराने वाहनों पर निर्भर है, खासकर जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद विरोधी अभियानों के दौरान सैनिकों की आवाजाही के लिए। नए बुलेटप्रूफ ट्रूप कैरियर सैनिकों को कठिन और पहाड़ी इलाकों में सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित करेंगे।

आरएफआई के अनुसार, इन वाहनों में पर्याप्त गतिशीलता होनी चाहिए और सवार सैनिकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए।प्रस्तावित बीपीटीसी में हथियार, गोला-बारूद और संचार उपकरण समेत सीमित युद्ध सामग्री ले जाने की क्षमता भी होगी। ये वाहन सड़क पर 80 से 100 किलोमीटर प्रति घंटे तथा ऑफ-रोड 50 से 75 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार पकड़ सकेंगे। मैदानी इलाकों में इनकी रेंज 350 किलोमीटर तथा पहाड़ी क्षेत्रों में 300 किलोमीटर होगी।

ये वाहन 5,000 मीटर की ऊंचाई तक संचालित हो सकेंगे और जम्मू-कश्मीर-लद्दाख के बर्फीले इलाकों में -10 डिग्री सेल्सियस से लेकर +40 डिग्री सेल्सियस तक के तापमान में भी प्रभावी ढंग से काम कर सकेंगे।

आरएफआई में फायरिंग पॉड्स और वाहन के हैच पर लगी मशीनगनों के जरिए सीमित फायरिंग क्षमता की भी मांग की गई है।

खास बात यह है कि सेना इन बुलेटप्रूफ कैरियरों की खरीद पूरी तरह 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान के अनुरूप करना चाहती है।

### फालता सीट पर टीएमसी का भाजपा को चैलेंज

# अभिषेक बनर्जी बोले:गुजराती गैंग को दस जन्म भी कम पड़ेंगे; यहां 21 मई को दोबारा वोटिंग

**कोलकाता/नई दिल्ली,एजेंसी।** पश्चिम बंगाल की फालता विधानसभा सीट पर दोबारा मतदान के फैसले के बाद सियासी बयानबाजी तेज हो गई है। टीएमसी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने भाजपा के दिग्गजों को फालता से चुनाव लड़ने की चुनौती दी है।

अभिषेक बनर्जी ने कहा, 'बांग्ला विरोधी गुजराती गैंग और उनके साथी ज्ञानेश कुमार को मेरे डायमंड हार्बर मॉडल को नुकसान पहुंचाने में दस जन्म भी कम पड़ जाएंगे। मैं केंद्र सरकार को चुनौती देता हूं कि कि अपने सबसे मजबूत नेता को भेजो। अगर हिम्मत है, तो फालता से चुनाव लड़ो।' चुनाव आयोग ने फालता विधानसभा क्षेत्र के सभी 285 पोलिंग स्टेशनों पर 21 मई को दोबारा मतदान कराने का आदेश दिया है। काउंटिंग 24 मई को होगी। ECI के अनुसार, 29 अप्रैल को यहां वोटिंग के दौरान चुनावी नियमों का उल्लंघन हुआ था।



**ममता के भतीजे बोले- गुजराती गैंग को डायमंड हार्बर मॉडल तोड़ने में दस जन्म लगेंगे**

ममता के भतीजे और डायमंड हार्बर से लोकसभा सांसद अभिषेक बैनर्जी ने भाजपा को चैलेंज दिया है कि दम है तो बांग्ला विरोधी गुजराती गैंग फाल्टा से चुनाव लड़कर दिखाए। अभिषेक ने दावा किया कि उनके डायमंड हार्बर मॉडल में सेंध लगाने के लिए दस जन्म भी कम पड़ेंगे। यह रिएक्शन छ्व्रछ्वक्क नेता अमित मालवीय के ङ्ग पोस्ट पर आया। जिसमें अमित ने रीपोलिंग के आदेश के बाद लिखा था- डायमंड हार्बर मॉडल टूट गया।

**सुप्रीम कोर्ट ने कहा- अब आदेश की जरूरत नहीं; पर्यवेक्षक भी बढ़े :** 2 मई की मतगणना से पहले सुप्रीम कोर्ट ने केंद्रीय कर्मचारियों की तैनाती पर तृणमूल कांग्रेस की आपत्ति में दखल से इनकार कर दिया। जस्टिस पीएस नरसिम्हा व जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने कहा, काउंटिंग स्टाफ की नियुक्ति का अधिकार आयोग का है। कोर्ट ने यह रिकॉर्ड पर लिया कि आयोग मतगणना को लेकर अपना सर्कुलर 'लेटर एंड स्पिरिट' में लागू करेगा। इधर, आयोग ने 165 अतिरिक्त मतगणना और 77 पुलिस पर्यवेक्षक तैनात किए हैं। दरअसल, तृणमूल कांग्रेस ने आरोप लगाया था कि केंद्रीय कर्मचारियों की तैनाती से काउंटिंग की निष्पक्षता प्रभावित हो सकती है। कलकत्ता हाई कोर्ट से राहत न मिलने के बाद पार्टी सुप्रीम कोर्ट पहुंची थी। चार मई को होने वाली मतगणना से पहले संवेदनशील माहौल बना हुआ है।

## दिल्ली में 4 मंजिला बिल्डिंग में आग 9 की मौत, एसी में ब्लास्ट की आशंका

### कुछ के सिर्फ कंकाल मिले; 10 से 15 लोग बचाए गए





**नई दिल्ली,एजेंसी।** दिल्ली के शाहदरा इलाके के विवेक विहार में एक चार मंजिला बिल्डिंग में रविवार सुबह भीषण आग लग गई। हादसे में 9 लोगों की मौत हो गई। इनमें 4 पुरुष, 4 महिलाएं और एक 1.5 साल का बच्चा भी शामिल है।रेस्क्यू के दौरान 10 से 15 लोगों को बचाया गया। इनमें दो लोग घायल हुए हैं। दिल्ली फायर सर्विस के मुताबिक, उन्हें सुबह करीब 3.47 बजे आग लगने की सूचना मिली थी। 4 घंटों की मशक्कत के बाद सुबह करीब 8 बजे आग पर काबू पाया गया।

मृतकों के शव बिल्डिंग के अलग-अलग फ्लोर से बरामद किए गए।

**9 मृतकों के नाम सामने आए, लेकिन पहचान मुश्किल**

दिल्ली पुलिस के अनुसार, बिल्डिंग के पहले फ्लोर से 1 शव, दूसरे फ्लोर से 5 शव और सीढ़ियों से 3 शव मिले, जहां दरवाजा बंद था। आशंका है कि लोगों ने छत पर भागकर जान बचाने की कोशिश की थी।

दूसरे फ्लोर पर मिले मृतकों की पहचान अरविंद जैन (60), उनकी पत्नी अनीता जैन (58), बेटे निशांत जैन (35), बहू आंचल जैन (33) और डेढ़ साल के पोते आकाश जैन के रूप में हुई। तीसरे फ्लोर पर नितिन जैन (50), उनकी पत्नी शैले जैन (48) और बेटे सम्यक जैन (25) मृत पाए गए।

# एमसीडी के मास्टरप्लान से चमकेगी दिल्ली, 48 करोड़ की मशीनरी से खत्म किए जाएंगे गंदगी के 'डार्क स्पॉट'



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में प्रतिदिन की सफाई व्यवस्था से अछूते रहने वाले डार्क स्पॉट को खत्म करने के लिए एमसीडी ने 48 करोड़ की मशीनरी लगाने का निर्णय लिया है। शुरुआती तौर पर छह माह के लिए यह मशीनरी लगाई जाएगी। इसके परिणाण सही आने पर इसका विस्तार किया जाएगा। इस मशीनरी का उद्देश्य उन स्थानों या उन शिकायतों का समाधान करना होगा जिसमें प्रतिदिन होने वाली सफाई के बावजूद भी निपटारा नहीं किया जाता है। या यूं कहें घर-घर से कूड़ा उठाने के लिए लगाई गई एजेंसियों की शर्तों से अतिरिक्त यह शिकायतें आती है। इन शिकायतों का समाधान करने के लिए उन स्थानों की पहचान कर वहां सफाई की जाएगी। एमसीडी के अनुसार 12 में 10 जोन में यह व्यवस्था लागू की जाएगी। जबकि शेष दो जोन में यह पहले ही लागू कर दी गई है। जिसमें 32 करोड़ की मशीनरी तैनात करने की प्रक्रिया चल रही है। एमसीडी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि निगम ने हर जोन में डोर-टू-डोर कूड़ा उठाने के लिए एजेंसिया लगा रखी है लेकिन कई बार एमसीडी और कंपनी के बीच कौन सा कूड़ा उठाना है और कौन सा कूड़ा नहीं उठाना है कि शर्तों का मामला फंस जाता है। क्योंकि कुछ जगह पर पेड़ों की छंटाई होती है तो वहां पर वह ग्रीन कचरा उठाने की जिम्मेदारी इन एजेंसियों की नहीं होती। इसी प्रकार कई बार नाले या नाली की सफाई करने के दौरान निकाली गई गाद उठाने की जिम्मेदारी भी इन एजेंसियों के पास नहीं होती है। अलग-अलग जोन में अलग शर्तें हैं। ऐसे में शर्तों के झगड़े में कई बार शिकायतें काफी समय तक लंबित हो जाती है और इलाकों में गंदगी बढ़ती है। इसको देखते हुए हमने हर जोन में आंकलन किया है कि वहां पर आने वाली शिकायतों के आधार पर मशीनरी को छह माह के लिए खरीदने की योजना बनाई है। जिसकी मंजूरी निगमायुक्त ने अपनी शक्तियों का उपयोग करते हुए दे दी है। क्योंकि अब निगम आयुक्त 50 करोड़ तक की योजनाओं को स्वयं ही मंजूर कर सकते हैं। उल्लेखनीय है कि निगम को हर दिन करीब 700 शिकायतें अलग-अलग समस्याओं की मिलती है। ज्यादातर शिकायतें इसमें स्वच्छता से जुड़ी होती है। निगम को उम्मीद है कि जब यह मशनरी लगेगी तो शिकायतों में कमी आएगी। गंदगी का अंदाजा इस बात से भी लगाया जा सकता है कि एमसीडी वैसे तो प्रतिदिन अब 12800 मीट्रिक टन कूड़ा उठाता है लेकिन जब वह सफाई अभियान चलाता है तो इस कूड़े की मात्रा 15 हजार मीट्रिक टन प्रतिदिन भी पहुंच जाती है। यानि बहुत बड़ी मात्रा में कूड़ा ऐसा होता हो उठने से रह जाता है। निगम की कोशिश इसी कूड़े को उठाकर रिहायशी, व्यावसायिक समेत दूसरे इलाकों को साफ करना है।


**किस जोन में क्या क्या लगाई जाएगी मशीनरी :** पश्चिम जोनः 50 छोटे वाहन (एलएमवी) और 30 मध्यम वाहन (एमएमवी) के साथ बैकहो लोडर किराए पर लिए जाएंगे। शाहदरा (दक्षिण) जोनः 52 छोटे वाहन, टिपर ट्रक और अन्य मशीनरी लगाई जाएगी। नजफगढ़ जोनः सड़कों और फुटपाथों पर जमा कचरे को हटाने के लिए 25 एमएमवी, आठ हाइवा और बैकहो लोडर लगाए जाएंगे।6 सेंट्रल जोनः संवेदनशील कचरा स्थलों पर विशेष सफाई व्यवस्था के लिए अतिरिक्त मशीनरी और मैनपावर की व्यवस्था की गई है। दक्षिणी जोनः 48 वाहन, 100 ई-रिक्शा और अन्य संसाधनों की तैनाती की जाएगी।

## मौसम का मिजाज बदला, तेज आंधी-तूफान के साथ ओलावृष्टि



**देहरादून, एजेंसी।** प्रदेश के कई इलाकों में रविवार सुबह मौसम ने अचानक करवट ली। तेज हवाओं के साथ आए आंधी-तूफान और बारिश ने जनजीवन को प्रभावित किया। कई इलाकों में ओलावृष्टि भी हुई, जिससे मौसम ठंडा हो गया। मौसम विभाग के अनुसार पर्वतीय जिलों में कहीं-कहीं तीव्र से अति तीव्र वर्षा हो सकती है, जबकि मैदानी जिलों में भी आंधी-तूफान और तेज हवाओं का असर रहने की संभावना है। मौसम विभाग ने संभावित खराब मौसम को देखते हुए स्थानीय प्रशासन और नागरिकों को सतर्क रहने और आवश्यक सावधानियां बरतने की सलाह दी है। देहरादून में सुबह के समय ही आसमान में घने बादल छा गए, जिससे दिन में ही रात जैसा अंधेरा महसूस हुआ। तेज हवाओं से कुछ स्थानों पर कुछ नुकसान होने की खबर है। देहरादून समेत आसपास के क्षेत्रों में दोपहर 12 बजे तक आसमान पर काले बादल डेरा डाले हुए हैं, जिससे मौसम का मिजाज बदला नजर आ रहा है। हल्की हवाओं के साथ वातावरण में ठंडक महसूस की जा रही है और तापमान में गिरावट दर्ज की गई है।मौसम विभाग ने उत्तराखंड के सभी जिलों के लिए आज हल्की से मध्यम बारिश, आंधी-तूफान और ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी की संभावना जताई है। विभाग के अनुसार राज्य के पहाड़ी क्षेत्रों में कुछ स्थानों पर तेज बारिश, ओलावृष्टि, बिजली चमकने और 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से झोंकेदार हवाएं चल सकती हैं। पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य के मैदानी क्षेत्रों में अधिकतम तापमान सामान्य से नीचे रहा, जबकि पहाड़ी इलाकों में यह सामान्य से काफी कम दर्ज किया गया। विभाग के अनुसार अगले 3 से 4 दिनों में अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट आ सकती है। राजधानी देहरादून में आज आसमान आंशिक से लेकर सामान्य रूप से बादलों से घिरा रहेगा। कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश, गरज-चमक, ओलावृष्टि और तेज हवाएं चलने की संभावना है। अधिकतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 19 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान है।

## ग्रेटर नोएडा से गंगा एक्सप्रेसवे तक सीधी कनेक्टिविटी, हापुड़ बाईपास से आसान होगा सफर,बनेगी 105 मीटर चौड़ी सड़क



**ग्रेटर नोएडा, एजेंसी।** मेरठ से प्रयागराज की राह सुलभ करने वाले गंगा एक्सप्रेसवे से ग्रेटर नोएडा को भी सीधे जोड़ा जाएगा। परीचौक शुरू होकर ग्रेटर नोएडा फेज दो होते हुए हापुड़ बाईपास तक 105 मीटर चौड़ी सड़क का निर्माण होगा। इस सड़क के बनने से नोएडा, ग्रेटर नोएडा के लोग हापुड़ बाइपास होकर सीधे गंगा एक्सप्रेसवे तक 30 से 45 मिनट में आवाजाही कर सकेंगे। ग्रेटर नोएडा बोर्ड की 143 वीं बोर्ड बैठक में 105 मीटर चौड़ी सड़क के अलावा मल्टी मॉडल लाजिस्टिक हब से डब्ल्यूडीएफसी (डेडिकेटेड फ्रेट कारिडोर) के समानांतर 6 लेन एलिवेटेड रोड बनाने का भी निर्णय लिया गया है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने 2011-12 में ग्रेटर नोएडा से हापुड़ को जोड़ने के लिए 37 किमी लंबी 105 मीटर चौड़ी सड़क के निर्माण की योजना तैयार की थी। इस सड़क के लिए जमीन अधिग्रहण पर प्राधिकरण ने 1200 करोड़ रुपये भी खर्च कर दिए, लेकिन जमीनी विवाद के कारण परियोजना आगे नहीं बढ़ सकी। परीचौक से जुनपत गांव तक करीब छह किमी सड़क के बाद आगे परियोजना अधर में फंस गई। प्राधिकरण एक बार फिर इस परियोजना को जीवित करने जा रहा है। 105 मीटर चौड़ी सड़क का हापुड़ बाईपास तक निर्माण किया जाएगा। बाईपास में यह सड़क एनएच नौ में मिल जाएगी। एनएच नौ होते हुए सिंभावली तक 15 किमी दूरी है। जहां से गंगा एक्सप्रेसवे पर पहुंचा जा सकेगा।

**194 करोड़ से छह लेन का आरओबी का निर्माण :** 105 मीटर चौड़ी सड़क के निर्माण से दादरी फेज दो के अलावा ग्रेटर नोएडा रेलवे टर्मिनल, एनएच 34 की सीधे कनेक्टिविटी के साथ हापुड़ के लिए नया मार्ग तैयार हो जाएगा। नोएडा-ग्रेटर नोएडा के लोग सीधे गंगा एक्सप्रेस वे पहुंच सकेंगे। मुरादाबाद, बरेली जाने वालों को भी फायदा होगा। दिल्ली हावड़ा रेलवे मार्ग पर 194 करोड़ की लागत से छह लेन का आरओबी का निर्माण हो रहा है। इसे जोड़ते हुए 105 मीटर सड़क फेज दो में प्रवेश करेगी।

**छह लेन एलिवेटेड रोड एयरपोर्ट की राह करेगा आसान :** ग्रेटर नोएडा में मल्टी मॉडल लाजिस्टक हब से डब्ल्यूडीएफसी (डेडिकेटेड फ्रेट कारिडोर) के समानांतर 6 लेन एलिवेटड रोड बनाई जाएगी। इसके जरिये उद्योगों का मॉल नोएडा एयरपोर्ट के कार्गो टर्मिनल तक आसानी से पहुंच सकेगा। प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार का कहना है कि इन दोनों मार्गों के बन जाने से निवासियों से लेकर उद्यमियों को बहुत सुविधा हो जाएगी।

## चीन के ड्रीम प्रोजेक्ट को पाक में लगा झटका, घाटे में डूबी कंपनी तो जड़ा ताला; निकाले सारे कर्मचारी



**कराची (पाकिस्तान), एजेंसी।** पाकिस्तान के ग्वादर फ्री जोन में काम कर रही एक चीनी कंपनी ने अपना फैक्ट्री संचालन बंद कर दिया है और सभी कर्मचारियों की सेवाएं समाप्त कर दी हैं। कंपनी ने इसके पीछे लगातार बढ़ते नुकसान और खराब कारोबारी माहौल को मुख्य कारण बताया है। रिपोर्ट के अनुसार, हैंगेंग ट्रेड कंपनी ने अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के दिन यह बड़ा फैसला लिया। कंपनी ने कहा कि गैर-व्यावसायिक कारणों और संचालन संबंधी समस्याओं के चलते उसका व्यवसाय जारी रखना संभव नहीं था।

**शिपमेंट अटका, तीन महीने से कोशिशें बेकार:** कंपनी ने दावा किया कि उसने अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार उत्पादन और निर्यात तो किया, लेकिन उसकी खेप (शिपमेंट) लगातार अटकी रही। इससे व्यापार को भारी नुकसान हुआ। कंपनी के अनुसार, पिछले तीन महीनों से वह संबंधित अधिकारियों के संपर्क में थी, ताकि समस्या का समाधान निकाला जा सके, लेकिन कोई ठोस नतीजा नहीं निकला। फैक्ट्री बंद करने से पहले कंपनी ने दावा किया कि उसने अपने सभी वित्तीय दायित्व पूरे कर दिए हैं। इसमें शामिल हैः- हालांकि, कर्मचारियों की नौकरी जाने से स्थानीय स्तर पर चिंता बढ़ गई है। ग्वादर बंदरगाह चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे की एक प्रमुख परियोजना है। कंपनी ने कहा कि उसका निवेश दोनों देशों के सहयोग की भावना से किया गया था।

लेकिन स्पष्ट और स्थिर नीति वातावरण की कमी के कारण कारोबार जारी रखना मुश्किल हो गया। कंपनी ने यह भी कहा कि भविष्य के निवेशक ग्वादर जैसी परियोजनाओं में निवेश से पहले जोखिमों का सावधानीपूर्वक आकलन करें। यह घटना ऐसे समय सामने आई है जब पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के चीन दौरे की तैयारी चल रही है। इस दौरे में व्यापार और निवेश पर चर्चा होनी है। ऐसे में इस फैसले ने विदेशी निवेश और CPEC परियोजनाओं की स्थिरता पर नए सवाल खड़े कर दिए हैं।

## किंग्स्टन पहुंचकर खुशी हुई, तीन कैरिबियाई देशों की यात्रा के पहले चरण में जमैका पहुंचे जयशंकर



**किंग्स्टन (जमैका), एजेंसी।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर शनिवार को जमैका पहुंचे। यह उनकी इस कैरिबियाई देश की पहली आधिकारिक यात्रा है। इस दौरान वह जमैका के नेतृत्व, व्यापार जगत और भारतीय मूल के लोगों से मुलाकात करेंगे। जयशंकर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, किंग्स्टन पहुंचकर बहुत खुशी हुई। यह मेरी जमैका की पहली यात्रा है। उन्होंने आगे कहा, विदेश मंत्री कामिना जे स्मिथ की ओर से किए गए गर्मजोशी भरे स्वागत से मैं प्रभावित हूं। उन्होंने यह भी कहा कि वह इस दो दिवसीय यात्रा के दौरान कई अहम बैठकों के लिए उत्साहित हैं। उन्होंने लिखा, अगले दो दिनों में मैं जमैका के नेताओं, व्यापार समुदाय और भारतीय प्रवासी लोगों से मिलने की प्रतीक्षा कर रहा हूं। इससे पहले, अपने कैरिबियाई दौरे के दौरान विदेश मंत्री जयशंकर ने स्विट्जरलैंड के ज्यूरिख में एक छोटा सा ठहराव किया। वह इस समय जमैका, सूरीनाम और त्रिनिदाद और टोबैगो की तीन देशों की आधिकारिक यात्रा पर हैं।

**विदेश मंत्रालय ने जयशंकर के दौरे पर क्या कहा:** विदेश मंत्रालय के अनुसार, यह यात्रा 2 मई से 10 मई तक चलेगी।

मंत्रालय ने बताया कि यह दौरा भारत और इन देशों के बीच ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संबंधों को और मजबूत करेगा, खासकर गिरमिटिया समुदाय की वजह से। इस यात्रा के दौरान जयशंकर तीनों देशों के नेताओं से मिलेंगे और अपने समकक्ष मंत्रियों के साथ द्विपक्षीय संबंधों, क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा करेंगे।

# होर्मुज तनातनी के बीच क्या हैं ईरान का नया 14 सूत्रीय प्रस्ताव ट्रंप बोले- गड़बड़ की तो बचेंगे नहीं



**तेहरान, एजेंसी।** अमेरिका और ईरान के बीच चल रहा भीषण युद्ध खत्म होने का नाम ही नहीं ले रहा है। ईरान ने इस युद्ध को हमेशा के लिए खत्म करने के लिए अमेरिका के सामने एक नया 14 सूत्रीय प्रस्ताव रखा है। हालांकि, मौजूदा अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इस नए प्रस्ताव से पूरी तरह संतुष्ट नहीं दिख रहे हैं। उन्होंने साफ चेतावनी दी है कि भले ही वह ईरान के इस प्रस्ताव पर विचार कर रहे हैं, लेकिन अगर ईरान ने कोई भी गलत हरकत की, तो अमेरिका उस पर फिर से सैन्य हमले शुरू कर देगा। इस कड़े रुख से साफ है कि दोनों देशों के बीच शांति का रास्ता अभी भी बहुत मुश्किल है। ईरान की राज्य मीडिया आउटलेट तस्नीम समाचार एजेंसी के अनुसार, ईरान ने अमेरिका को यह नया 14 सूत्रीय प्रस्ताव भेजा है। इस प्रस्ताव को एक पाकिस्तानी मध्यस्थ (बिचौलिए) के जरिए अमेरिका तक पहुंचाया गया है। ईरान ने इसमें लेबनान समेत सभी मोर्चों पर चल रहे युद्ध को पूरी तरह समाप्त करने की मांग की है। ईरान का कहना है कि सिर्फ दो महीने का सीजफायर काफी नहीं है, बल्कि 30 दिनों के भीतर सभी मुद्दों को सुलझाकर युद्ध का स्थायी अंत होना चाहिए। ईरान ने इस प्रस्ताव में अमेरिका से किसी भी सैन्य आक्रामकता के खिलाफ ठोस गारंटी मांगी है और ईरान के आसपास के क्षेत्र से अमेरिकी सैन्य बलों को हटाने को कहा है। इसके साथ ही, ईरान ने अपनी जब्त की गई संपत्तियों को छोड़ने, सभी प्रतिबंध हटाने और होर्मुज जलडमरूमध्य के लिए एक नया तंत्र शुरू करने की मांग भी की है।

**राष्ट्रपति ट्रंप का क्या रुख है:** मौजूदा अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को कहा कि वह ईरान के इस नए प्रस्ताव की समीक्षा (जांच) कर रहे हैं। ट्रंप ने कहा कि उन्हें नहीं लगता कि ईरान का यह प्रस्ताव अमेरिका को स्वीकार्य (मंजूर) होगा। ट्रंप ने नाराजगी जताते हुए कहा कि ईरान ने पिछले 47 वर्षों में मानवता और दुनिया के साथ जो किया है, उसकी उसने अभी तक पर्याप्त कीमत नहीं चुकाई है। उन्होंने कहा कि अगर ईरान बुरा व्यवहार करता है या कुछ भी गलत करता है, तो अमेरिका फिर से उस पर सैन्य हमले शुरू कर सकता है।

**बातचीत में सबसे बड़ी अड़चन क्या:** ट्रंप ने साफ कहा कि ईरान एक समझौता चाहता है, लेकिन वे उन चीजों की मांग कर रहे हैं जिन्हें अमेरिका कभी नहीं मान सकता। ट्रंप का मानना है कि दोनों देशों के बीच काफी मतभेद हैं और बातचीत बहुत जटिल (मुश्किल) दौर में है। अमेरिका की मुख्य मांग यह है कि ईरान अपने परमाणु कार्यक्रम पर पूरी तरह रोक लगाने के लिए कड़ी प्रतिबद्धता जताए। दूसरी तरफ, ईरान चाहता है कि अमेरिका पहले उस पर लगे सभी सैन्य और आर्थिक दबाव को कम करे, उसके बाद ही परमाणु समझौते पर कोई बात होगी।

**परमाणु कार्यक्रम को लेकर कहां फंसा है पेंच:** ट्रंप ने कहा कि वह इंसानियत के नाते बमबारी से बचना चाहते हैं। लेकिन उन्होंने जोर देकर कहा कि ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने से हर हाल में रोकना ही होगा। रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका चाहता है कि शुरुआत में ही ईरान अपने परमाणु कार्यक्रम पर ठोस वादे करे। वहीं, ईरान चाहता है कि सबसे पहले उस पर लगे सैन्य और आर्थिक दबाव को कम किया जाए। ट्रंप ने ईरान के नेताओं पर तंज कसते हुए कहा कि वे आपस में ही एक-दूसरे के साथ नहीं बन पा रहे हैं।

**अमेरिका फिर से हमले की योजना बना रहा:** ट्रंप ने मीडिया को बताया कि उन्हें संभावित सैन्य कार्रवाई के बारे में पूरी जानकारी दी गई है। उन्होंने कहा कि उनके पास दो ही विकल्प हैंः या तो ईरान पर भारी बमबारी की जाए, या फिर किसी समझौते पर पहुंचने की कोशिश की जाए। गुरुवार को ही अमेरिकी सेना के कमांडर एडमिरल ब्रैड कूपर ने ट्रंप को ईरान के खिलाफ संभावित सैन्य हमलों की नई योजनाओं की जानकारी दी थी। इसके बाद कूपर उस क्षेत्र के लिए रवाना हो गए और शनिवार को अरब सागर में 'यूएसएस त्रिपोली' पर अमेरिकी सैनिकों से मुलाकात भी की।

**पेट्रोल के दामों पर क्या असर पड़ा:** 28 फरवरी को अमेरिका और इस्राइल द्वारा ईरान के ठिकानों पर किए गए हमलों के बाद से अमेरिका में गैस (पेट्रोल) की कीमतें बहुत तेजी से बढ़ी हैं।

अमेरिका में गैस की कीमतें बढ़कर 4.39 डॉलर प्रति गैलन तक पहुंच गई हैं, जो युद्ध शुरू होने से पहले के मुकाबले 47 प्रतिशत ज्यादा हैं। ट्रंप ने कहा है कि वह ईरानी बंदरगाहों पर अमेरिकी नौसेना की नाकेबंदी को जारी रखना चाहते हैं। ट्रंप ने उम्मीद जताई है कि जैसे ही यह युद्ध खत्म होगा, अमेरिका में गैस की कीमतें भी अपने आप नीचे आ जाएंगी।

## दिल्ली एम्स में देश का पहला पोर्टेबल बेडसाइड एमआरआई, अब बिस्तर पर हो सकेगा गंभीर मरीजों का ब्रेन स्कैन



**नई दिल्ली, एजेंसी।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) नई दिल्ली ने देश में पहली बार पोर्टेबल बेडसाइड एमआरआई प्रणाली को नियमित क्लिनिकल उपयोग के लिए आरंभ कर दिया है। इस तकनीक से अब आइसीयू, इमरजेंसी और ट्रामा वार्ड में भर्ती गंभीर मरीजों का ब्रेन स्कैन सीधे उनके बेड पर ही किया जा सकेगा। उन्हें इसके लिए वार्ड से इधर-उधर ले जाने की आवश्यकता समाप्त हो गई है। यह पोर्टेबल एमआरआई प्रणाली स्वूप पोर्टेबल एमआरआई सिस्टम (हाइपरफाइन) पर आधारित है, जिसे पहियों की मदद से आसानी से एक वार्ड से दूसरे वार्ड तक ले जाया जा सकता है। इसकी विशेषता यह है कि इसके लिए अलग एमआरआई कक्ष, शील्डिंग या उच्च विद्युत क्षमता की आवश्यकता नहीं होती, जिससे अस्पतालों में जांच प्रक्रिया अधिक तेज, सुरक्षित और सुलभ बनती है। एम्स के न्यूरोइमेजिंग एवं इंटरवेंशनल न्यूरोरेडियोलाजी विभाग के प्रमुख प्रो. डॉ. शैलेश गायकवाड़ ने बताया कि 'यह तकनीक इमरजेंसी में तुरंत और सटीक ब्रेन इमेजिंग संभव बनाती है। इससे उपचार में देरी नहीं होगी और गंभीर मरीजों की देखभाल अधिक सुरक्षित तरीके से की जा सकेगी। यह स्ट्रोक, सिर की चोट, आईसीयू मॉनिटरिंग और न्यूरोसर्जरी के मामलों में त्वरित व सटीक निदान में मददगार साबित होगी।' साथ ही, मरीजों को पारंपरिक एमआरआई कक्ष तक ले जाने की जरूरत कम होने से स्थानांतरण से जुड़ा खतरा भी घटेगा। प्रो. डॉ. शैलेश गायकवाड़ ने बताया कि यह प्रणाली एम्स के सेंटर फार न्यूरोलाजिकल कंडीशंस में सक्रिय रूप से उपयोग में लाई जा रही है, जो बच्चों सहित गंभीर अवस्था के मरीजों के लिए विशेष रूप से उपयोगी साबित हो रही है। एम्स चिकित्सकों का मानना है कि यह पहल न केवल दिल्ली बल्कि देशभर में ब्रेन इमेजिंग सेवाओं की पहुंच को नई दिशा देगी और भविष्य में अन्य अस्पतालों के लिए भी एक मॉडल साबित हो सकती है।

## मेरा जीना मुश्किल हो गया है जज अमन शर्मा का पत्नी से चल रहा था विवाद, एक रात पहले पिता को किया था फोन

**दक्षिणी दिल्ली, एजेंसी।** सफदरजंग एन्क्लेव थाना क्षेत्र में न्यायिक अधिकारी अमन कुमार शर्मा ने शनिवार दोपहर अपने घर के बाथरूम में दुप्पटे से फंदा बनाकर आत्महत्या की थी। अमन कुमार की बहन के ससुर राजेश शर्मा ने बताया कि अमन पिछले दो माह से परेशान चल रहा था। आत्महत्या से एक दिन पहले शुक्रवार रात करीब 10 बजे उन्होंने अलवर (राजस्थान) स्थित अपने पैतृक घर में अपने पिता को फोन किया था। पिता प्रेम शर्मा को अमन ने कहा था कि मेरा जीना मुश्किल हो गया है, आप आ जाओ। पिता प्रेम शर्मा ने उन्हें ढांढस बंधाया और दिल्ली आने के लिए निकल पड़े। वह देर रात करीब 12.15 बजे दिल्ली ग्रीन पार्क स्थित घर पहुंचे और अमन से बात की। राजेश शर्मा ने बताया कि अमन का पिछले दो माह से अपनी पत्नी के साथ झगड़ा चल रहा था। दिल्ली आए पिता ने उन्हें समझाने की कोशिश की, पर मामला शांत नहीं हुआ।



**पत्नी दे रही थी धमकी :** राजेश शर्मा ने बताया कि अमन की पत्नी ने उन्हें धमकी दी कि अगर वह घर से नहीं गए तो वह पुलिस बुला लेंगी। इतना ही नहीं प्रेम शर्मा ने जब अमन के सुसराल पक्ष के लोगों से संपर्क करने की कोशिश की तो उन्होंने उनका नम्बर ब्लाक कर दिया। राजेश शर्मा ने बताया कि शनिवार में उनके संबंधी प्रेम शर्मा ने दोनों के बीच समझौता कराने की कोशिश की। सफल नहीं होने पर वह अपने कमरे में जाकर बैठ गए। जिसके बाद फिर से घर में अमन का झगड़ा हुआ, जिसके बाद वह बाथरूम में चला गया और वहां जाकर फांसी लगा ली। इसकी सूचना फौरन पुलिस को दी गई।

## हिमाचल में मई में सामान्य से अधिक वर्षा, तीन दिन आंधी और ओलावृष्टि का ऑरेंज अलर्ट



**शिमला, एजेंसी।** मौसम विज्ञान केंद्र शिमला द्वारा जारी किए गए ताजा पूर्वानुमान के अनुसार मई में सामान्य से अधिक वर्षा और सामान्य से अधिक गर्मी के दिन रहने का अनुमान है। जबकि अप्रैल माह में 1901 से लेकर अब तक 47वीं सबसे अधिक 66.3 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गइ है। जो सामान्य से चार प्रतिशत अधिक है। 1908 में आज तक की सबसे अधिक 181.7 मिलीमीटर वर्षा अप्रैल माह में दर्ज की गई है। अप्रैल माह में किन्नौर कुल्लू व लाहुल स्पीति में 10 से 47 प्रतिशत तक कम वर्षा दर्ज की गई है। मौसम विज्ञान केंद्र ने आगामी तीन दिनों 3,4 व 5 मई को चंबा,कांगड़ा, मंडी, कुल्लू और शिमला में 40 किलोमीटर की रफ्तार से आंधी चलने और ओलावृष्टि को लेकर आरेंज अलर्ट जारी किया है। इस दौरान ऊंचे क्षेत्रों में हिमपात और निचले क्षेत्रों में व्यापक वर्षा की संभावना जताई गई है।

**धर्मशाला में 6.3, मंडी में पांच मिलीमीटर वर्षा :** शनिवार को प्रदेश की ऊंची चोटियों रोहतांग, बारालाचा और शिंकुला में हल्का हिमपात हुआ। जबकि शिमला शहर के अलावा कुफरी, मशोबरा में शाम के समय आंधी के साथ अंधेरा छा गया और ओलावृष्टि हुई। धर्मशाला में 6.3, मंडी में पांच मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। प्रदेश में अधिकतम तापमान में एक से दो डिग्री का अंतर आया है। ऊना में दिन के तापमान में 2.2 डिग्री की वृद्धि के साथ अधिकतम तापमान 37.4 डिग्री दर्ज किया गया जो प्रदेश में सबसे अधिक रह। धर्मशाला में 2 डिग्री अधिकतम तापमान में गिरावट आई है। जबकि बाकी स्थानों पर करीब एक डिग्री की गिरावट आई है। न्यूनतम तापमान में एक से तीन डिग्री की वृद्धि दर्ज की गई है। आने वाले दिनों में तापमान में गिरावट आने का अनुमान है। पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता 7 मई तक रहने का अनुमान है।

# विन्ध्य विकास प्राधिकरण के नव नियुक्त अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का भाजपा कार्यालय में भव्य स्वागत समारोह



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** विन्ध्य विकास प्राधिकरण के नव नियुक्त अध्यक्ष पंचूलाल प्रजापति एवं उपाध्यक्ष द्वय डॉ. अजय सिंह और संजय तीर्थवानी का भाजपा कार्यालय अटल कुंज में भव्य स्वागत किया गया इस अवसर पर आतिशबाजी और मिष्ठान वितरण के साथ समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत महापुरुषों और भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर की गई भाजपा जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत शाला और फल से किया गया युवा मोर्चा ने गजमाला से स्वागत किया, जबकि किसान मोर्चा ने रामलला का स्मृति चिन्ह भेंट किया इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में म.प्र. शासन के उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला उपस्थित थे और कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता ने की संचालन भाजपा जिला महामंत्री विवेक गौतम ने किया जबकि आभार जिला महामंत्री जीवनलाल साकेत ने व्यक्त किया उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला ने अपने संबोधन में कहा कि विन्ध्य में विकास की गति पहले ही तेज़ है और अब विन्ध्य विकास प्राधिकरण के गठन से यह और भी तेज़ होगी उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 तक विकसित भारत के दृष्टिकोण की चर्चा करते हुए कहा कि इस दिशा में विन्ध्य विकास प्राधिकरण महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा उन्होंने हवाई अड्डे के विस्तार के लिए 390 करोड़ रुपये के बजट का भी उल्लेख किया और बताया कि नर्मदा नदी का पानी सतना जिले तक पहुंचेगा शुक्ला ने यह भी कहा कि विन्ध्य विकास प्राधिकरण को धन की कोई कमी नहीं होगी भा.ज.पा. जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता ने कार्यकर्ताओं की मेहनत की सराहना करते हुए कहा कि पार्टी के नेतृत्व की तीसरी आंख से कार्यकर्ताओं का योगदान देखा जाता है उन्होंने कार्यकर्ताओं से आगे भी विकास के कार्यों को मजबूती से बढ़ाने का आह्वान किया गुप्ता ने 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने का विश्वास जताया विन्ध्य विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष पंचूलाल प्रजापति ने पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें यह अवसर कार्यकर्ता के रूप में प्राप्त हुआ है। उन्होंने विन्ध्य के विकास में बजट प्रदान करने के लिए प्रदेश सरकार से सहयोग का आग्रह किया। विन्ध्य विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ. अजय सिंह और संजय तीर्थवानी ने भी विन्ध्य के विकास को तेज गति से करने का संकल्प लिया और राष्ट्रीय, प्रदेश एवं जिला नेतृत्व का आभार व्यक्त किया।

**कार्यक्रम में प्रमुख अतिथिः** कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष मती नीता कोल, नगर निगम अध्यक्ष व्यंकटेश पाण्डेय, भाजपा के वरिष्ठ नेता कमलेश्वर सिंह, राम सिंह, पूर्व विधायक मती पन्नाबाई प्रजापति, महाबली गौतम, मती मनीषा पाठक, शरद साहू, मनीषचन्द्र शुक्ला सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन भाजपा जिला महामंत्री विवेक गौतम ने किया, और आभार जिला महामंत्री जीवनलाल साकेत ने व्यक्त किया।

## खेतों से लेकर कारखानों तक श्रमिकों का मौन परिश्रम ही प्रगति की असली नींव



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** 1 मई को विश्वभर में मनाया जाने वाला श्रमिक दिवस श्रम, संघर्ष और अधिकारों की ऐतिहासिक यात्रा का प्रतीक है यह दिन केवल एक औपचारिक तिथि नहीं बल्कि उस श्रमिक वर्ग के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने का अवसर है जिसकी मेहनत से समाज की मजबूत नींव तैयार होती है। यह विचार ऑल इंडिया फारवर्ड ब्लॉक म.प्र. के प्रदेशाध्यक्ष नागेन्द्र सिंह कल्चुरी ने वार्ड 18 स्थित रसिया मोहल्ले में श्रमिकों के बीच व्यक्त किए। इस अवसर पर उन्होंने श्रमिकों को माला पहनाकर, पुष्पगुच्छ भेंट कर तथा मुंह मीठा कराकर श्रमिक दिवस की शुभकामनाएं दीं कल्चुरी ने कहा कि भारत में श्रमिक दिवस का विशेष महत्व है क्योंकि देश की अर्थव्यवस्था का बड़ा आधार असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों पर टिका हुआ है खेतों से लेकर कारखानों तक निर्माण स्थलों से लेकर घरों तक हर क्षेत्र में श्रमिकों का मौन परिश्रम हमारी प्रगति की नींव बनता है उन्होंने कहा कि श्रमिक समाज का अभिन्न अंग हैं और उनके बिना जीवन की कल्पना अधूरी है। उन्होंने श्रमिक दिवस के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इसकी शुरुआत 19वीं सदी में श्रमिकों द्वारा अपने अधिकारों की मांग के साथ हुई थी भारत में करोड़ों श्रमिक कार्यरत हैं जिनमें से लगभग 90 प्रतिशत असंगठित क्षेत्र में हैं आज भी ये श्रमिक न्यूनतम वेतन, सुरक्षित कार्यस्थल, सामाजिक सुरक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए संघर्ष कर रहे हैं कल्चुरी ने केंद्र सरकार से श्रमिकों के हितों की सुरक्षा और उनके अधिकारों के संरक्षण के लिए प्रभावी कदम उठाने की आवश्यकता पर जोर दिया।

# त्योंथर विधानसभा में आम आदमी पार्टी की संगठन विस्तार बैठक सम्पन्न



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** त्योंथर विधानसभा क्षेत्र (70) जिला रीवा में आम आदमी पार्टी द्वारा संगठन विस्तार एवं पार्टी गतिविधियों को मजबूत बनाने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण बैठक एवं औपचारिक मुलाकात का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम में पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। आम आदमी पार्टी के रीवा जिला अध्यक्ष सतीश तिवारी, जिला उपाध्यक्ष दिनेश सिंह एवं ब्लॉक युवा मोर्चा के एडवोकेट प्रशांत दुबे इस अवसर पर विशेष रूप से उपस्थित थे बैठक के दौरान दीपक सिंह तोमर एवं उनकी टीम के साथ औपचारिक मुलाकात की गई जिसमें संगठन विस्तार नए कार्यकर्ताओं को पार्टी से जोड़ने और क्षेत्र में पार्टी की गतिविधियों को और अधिक सक्रिय एवं प्रभावी बनाने पर चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों ने त्योंथर विधानसभा क्षेत्र में आम आदमी पार्टी को और अधिक मजबूत एवं जनसरोकारों से जुड़ा संगठन बनाने के लिए सामूहिक रूप से कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया इस दौरान कार्यकर्ताओं ने भी अपने सुझाव साझा करते हुए जनसंपर्क अभियान को गांव-गांव एवं घर-घर तक प्रभावी रूप से पहुंचाने पर विशेष जोर दिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य आम आदमी पार्टी की नीतियों, विचारधारा और जनहितकारी कार्यक्रमों को आम जनता तक पहुंचाना तथा संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक सशक्त बनाना था पदाधिकारियों ने कहा कि क्षेत्र में निरंतर संवाद, जनसंपर्क और संगठनात्मक गतिविधियों के माध्यम से पार्टी को नई मजबूती प्रदान की जाएगी तथा अधिक से अधिक युवाओं और आम नागरिकों को पार्टी से जोड़ने का कार्य किया जाएगा। कार्यक्रम के अंत में सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने एकजुटता के साथ पार्टी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई और क्षेत्र में निरंतर सक्रिय रहकर संगठन हित में कार्य करने का भरोसा व्यक्त किया।

## 4 मई से शुरू होगा नि:शुल्क प्रवेश का द्वितीय चरण 20 मई को होगी ऑनलाइन लॉटरी

**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) के अंतर्गत निजी विद्यालयों में प्रवेश की द्वितीय चरण की प्रक्रिया 4 मई से प्रारंभ होने जा रही है राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा इस संबंध में सभी जिलों के कलेक्टरों एवं जिला परियोजना समन्वयकों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं उल्लेखनीय है कि कमजोर वर्ग एवं वंचित समूह के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आरटीई की धारा 12(1)(ग) के तहत अशासकीय, गैर-अनुदान प्राप्त निजी विद्यालयों में निःशुल्क प्रवेश दिया जाता है प्रदेश में प्रथम चरण की प्रवेश प्रक्रिया पहले ही पूर्ण हो चुकी है जिन विद्यालयों में सीटें रिक्त रह गई हैं उन्हें द्वितीय चरण के लिए पोर्टल पर प्रदर्शित किया गया है। राज्य शिक्षा केंद्र के संचालक हरजिंदर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि द्वितीय चरण में कोई नया पंजीयन नहीं किया जाएगा केवल वे ही आवेदक इस प्रक्रिया में शामिल हो सकेंगे जिन्होंने प्रथम चरण में आवेदन किया था जिन अभिभावकों के बच्चों का दस्तावेज सत्यापन पूर्व में नहीं हो पाया था उन्हें इस चरण में पुनः अवसर दिया गया है ऐसे अभिभावक अपने चयनित जनशिक्षा केंद्र पर जाकर सत्यापन प्रक्रिया पूर्ण करा सकते हैं सत्यापन के बाद पात्र पाए जाने वाले आवेदक द्वितीय चरण में विद्यालयों की चॉइस अपडेट कर सकेंगे इसके लिए प्रत्येक जनशिक्षा केंद्र पर अधिकतम दो अधिकारियों की तैनाती की जाएगी तथा आवश्यकतानुसार जनशिक्षकों की भी सहायता ली जाएगी। यदि किसी अभिभावक को जनशिक्षा केंद्र पर समस्या आती है तो वे संबंधित विकासखंड स्त्रोत समन्वयक (बीआरसी) कार्यालय में भी सत्यापन करा सकते हैं। द्वितीय चरण में वे आवेदक भी शामिल हो सकेंगे जिन्हें प्रथम चरण में विद्यालय आवंटित नहीं हुआ था या जिन्होंने आवंटन के बावजूद प्रवेश नहीं लिया ऐसे सभी पात्र अभिभावक अपनी सुविधा अनुसार विद्यालयों का पुनः चयन कर सकेंगे। निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार 4 से 9 मई तक दस्तावेज सत्यापन, 11 से 16 मई तक विद्यालयों की चॉइस अपडेट, 20 मई को ऑनलाइन लॉटरी तथा 20 मई से 10 जून तक विद्यालयों में प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी।

## स्वच्छता व अतिक्रमण हटाओ अभियान तेज, 6 व्यापारियों पर जुर्माना-फुटपाथ हुए अतिक्रमण मुक्त



**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** नगर में स्वच्छता व्यवस्था को मजबूत बनाने और अतिक्रमण पर प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से शनिवार को नगर पालिका द्वारा विशेष संयुक्त अभियान चलाया गया डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुश्री प्रिया पाठक के नेतृत्व में चलाए गए इस अभियान में सफाई और अतिक्रमण टीम ने विभिन्न क्षेत्रों में कार्रवाई की। अभियान के दौरान गोल मार्केट क्षेत्र में दुकानदारों को अपने प्रतिष्ठानों के सामने अनिवार्य रूप से डस्टबिन रखने के निर्देश दिए गए साथ ही उन्हें यह भी समझाइश दी गई कि कचरा केवल नगर पालिका की निर्धारित कचरा गाड़ी में ही डालें जिससे शहर में स्वच्छता बनी रहे। इसी क्रम में कलेक्ट्रेट चौक से अस्पताल चौराहा तक सड़क किनारे बने फुटपाथों को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। फुटपाथ पर रखे गए ढेले सामान एवं अन्य अवरोध हटवाकर राहगीरों के लिए आवागमन सुगम बनाया गया। कार्रवाई के दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले 6 व्यापारियों पर कुल 1200 रुपए का जुर्माना भी लगाया गया संबंधित व्यापारियों को भविष्य में स्वच्छता एवं अतिक्रमण संबंधी नियमों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए गए।

## सेमरिहा में कटहल प्रसंस्करण केंद्र की शुरुआत महिलाओं को मिलेगा आत्मनिर्भरता का नया आधार



**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** जिले के विकासखंड मझौली अंतर्गत ग्राम सेमरिहा में महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। यहां कटहल प्रसंस्करण केंद्र की स्थापना का कार्य तेजी से प्रगति पर है। रविवार को केंद्र के लिए आवश्यक मशीनों के पहुंचने के साथ ही महिला उत्पादक समूहों में उत्साह का माहौल देखने को मिला यह प्रसंस्करण केंद्र मध्य प्रदेश राज्य आजीविका मिशन, जिला पंचायत सीधी तथा इंस्टीट्यूट ऑफ लाइवलीहुड रिसर्च एंड ट्रेनिंग (ILRT) के संयुक्त सहयोग से 'लैंडस्केप पुनर्वहाली मूल श्रृंखला एवं बाजार विकास प्रणाली' परियोजना के अंतर्गत संचालित किया जाएगा इस परियोजना का उद्देश्य स्थानीय संसाधनों का बेहतर उपयोग कर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करना और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना है। परियोजना प्रबंधक हिमांशु भारद्वाज एवं सब्जेक्ट मैटर एक्सपर्ट स्वामी शरण कुशवाहा ने बताया कि प्रारंभिक चरण में केंद्र में कटहल से चिप्स और पल्प तैयार करने की मशीनें स्थापित की जा रही हैं उन्होंने कहा कि स्थानीय और बाहरी बाजारों में उत्पादों की मांग को देखते हुए भविष्य में केंद्र का विस्तार भी किया जाएगा जिससे अधिक महिलाओं को रोजगार मिल सके। जिला परियोजना प्रबंधक पुष्पेंद्र सिंह ने बताया कि इस केंद्र के शुरू होने से सेमरिहा सहित आसपास के गांवों के किसानों को उनके उत्पाद का उचित मूल्य मिलेगा अब तक किसानों को कटहल के लिए सीमित बाजार उपलब्ध था लेकिन प्रसंस्करण के बाद उत्पादों की गुणवत्ता और मूल्य दोनों में वृद्धि होगी इससे किसानों की आय बढ़ने के साथ-साथ महिलाओं के लिए स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। मशीनों के आगमन के दौरान ग्राम पंचायत बोदारीटोला के सरपंच राम शिरोमणि यादव सहित हिमांशु भारद्वाज, स्वामी शरण कुशवाहा, राजीव जायसवाल, आशीष वर्मा, मौसम सिंह और शांति सहित बड़ी संख्या में महिला उत्पादक समूह की सदस्याएं उपस्थित रहीं।

# मानस भवन में रसमंजरी रामचरितमानस में रस निरूपण पुस्तक का भव्य विमोचन



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** मानस भवन रीवा के ऐतिहासिक सभागार में रसमंजरी साहित्य सृजन की संस्थापिका डॉ. अरुणा पाठक आभा की पुस्तक रसमंजरी रामचरितमानस में रस निरूपण का भव्य विमोचन समारोह आयोजित किया गया कार्यक्रम में देशभर के ख्यातिलब्ध साहित्यकारों एवं विद्वानों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता चित्रकूट-बांदा के मानस किंकर रामप्रताप शुक्ला जी ने की जबकि मुख्य अतिथि के रूप में मानस विदुषी डॉ. ज्ञानवती अवस्थी उपस्थित रहीं विशिष्ट अतिथियों में रश्मि शुक्ला, चंद्रिका प्रसाद चंद्र (रीवा), मंजुलावास्तव (गाजियाबाद), कुसुम सिंह 'अविचल' (कानपुर), क्षमा द्विवेदी (प्रयागराज), प्रमोद तिवारी (औरैया), इंद्रजीत तिवारी 'निर्भीक' (काशी हिंदी विद्यापीठ), सुनील दत्त (बिलासपुर), ललित सिंह ठाकुर (भाटापारा), पंकज जोशी (देवास) एवं शिवांश सरल (भोपाल) शामिल रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं मां वीणापाणि की आराधना के साथ हुआ। डॉ. अरुणा पाठक आभा ने अतिथियों का स्वागत उद्बोधन द्वारा किया जिसके बाद मंचासीन अतिथियों का माल्यार्पण कर सम्मान किया गया तत्पश्चात पुस्तक का विधिवत विमोचन किया गया। उपस्थित विद्वानों ने पुस्तक की सराहना करते हुए इसे रामचरितमानस के शोधार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी और मील का पत्थर बताया। उन्होंने कहा कि यह कृति साहित्यिक एवं आध्यात्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण योगदान देगी। कार्यक्रम में विंध्य क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक एवं साहित्यकार उपस्थित रहे, जिनमें के.जी. द्विवेदी 'खुशदिल' (सतना), आशीष खरे (नईगढ़ी), शांति दूत द्विवेदी, सुभाष बाबू पाण्डेय (अध्यक्ष मानस मंडल), ओमप्रकाश मिश्रा, चंद्रकांत तिवारी, नारायण डिगवानी, डॉ. आरती तिवारी, सीमा रानी झा, अनुराधा पाण्डेय, गीता शुक्ला, साधना तिवारी, वंदना मिश्रा, राधा मिश्रा, पुष्पलता, विनीता अग्रवाल, रंजना मिश्रा, रंजना बंसल, नागेन्द्र मिश्रा, स्नेहा त्रिपाठी, भौम्या चौरसिया, आशा चौरसिया, आशा गुप्ता, मनीषा धुर्वे, मेनिका साकेत एवं आई.एम. पाठक सहित सैकड़ों लोग शामिल रहे।

# महिला किसान चौपाल से सशक्त हो रहीं ग्रामीण महिलाएं कुसमी के पोड़ी में नवाचार की मिसाल

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** जिला प्रशासन द्वारा किसान कल्याण वर्ष के अंतर्गत एक अनूठी पहल करते हुए 'महिला किसान चौपाल' का आयोजन किया गया जो महिला सशक्तिकरण और कृषि नवाचार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित हो रहा है कुसमी विकासखंड के आदिवासी अंचल पोड़ी में आयोजित इस कार्यक्रम में महिला किसानों की भूमिका को सम्मान और पहचान दी गई कार्यक्रम में सांसद डॉ. राजेश मिश्रा एवं विधायक धौहनी कुंवर सिंह टेकाम ने महिला कृषकों पर पुष्पवर्षा कर उनका सम्मान किया इस अवसर पर सांसद डॉ. मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में किसानों की आय बढ़ाने और



प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं उन्होंने महिला किसानों को तकनीकी ज्ञान और बाजार से जोड़ने की आवश्यकता पर बल दिया। विधायक कुंवर सिंह टेकाम ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा घोषित किसान कल्याण वर्ष को किसानों के लिए नई उम्मीद बताते हुए कहा कि राज्य सरकार कृषि, पशुपालन, उद्यानिकी और स्वरोजगार के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बना रही है उन्होंने कुसमी क्षेत्र की आदिवासी महिला किसानों को



प्राकृतिक एवं जैविक खेती में नवाचार के लिए सराहा और लखपति दीदी मॉडल को आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण बताया कलेक्टर विकास मिश्रा ने कहा कि यह चौपाल महिला किसानों के लिए एक प्रभावी संवाद मंच बनकर उभरी है जहां जैविक खेती, दुग्ध उत्पादन, मत्स्य पालन और विपणन जैसे विषयों पर सार्थक चर्चा हुई उन्होंने इसे एक जन आंदोलन की शुरुआत बताते हुए महिला किसानों के उज्ज्वल भविष्य के प्रति प्रशासन की प्रतिबद्धता दोहराई।

## चिरहुला मंदिर मार्ग अब भी बंद, आमजन और श्रद्धालु परेशान कलेक्टर से शीघ्र हस्तक्षेप की मांग

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** चिरहुला मंदिर क्षेत्र में निर्माण कार्य के चलते बंद किया गया मार्ग अब भी नहीं खोला गया है जिससे स्थानीय नागरिकों एवं श्रद्धालुओं को लगातार भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है इस संबंध में पूर्व में भी नागरिकों द्वारा कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर मार्ग खुलवाने और निर्माण कार्य में तेजी लाने की मांग की गई थी लेकिन अब तक स्थिति जस की तस बनी हुई है।समाजसेवी कैलाश नारायण पाण्डेय के नेतृत्व में क्षेत्रीय नागरिकों ने एक बार फिर प्रशासन का ध्यान इस गंभीर समस्या की ओर आकर्षित कराया है जानकारी के अनुसार चिरहुला मंदिर के पीछे निर्माणाधीन हाल के कार्य के लिए ठेकेदार द्वारा मंदिर के सामने की मुख्य सड़क और बगल से जाने वाले मार्ग को निर्माण सामग्री डालकर पूरी तरह अवरुद्ध कर दिया गया है साथ ही मार्ग पर ताला लगाए जाने से आवागमन पूर्णतः बंद हो गया है मार्ग बंद होने के कारण चिरहुला मंदिर के पीछे रहने वाले लोगों सहित आयोध्या नगर, यशोदा नगर, नारायण नगर, रामराज चौराहा, बढ़ौरा एवं बाणसागर क्षेत्र के नागरिकों को लगभग 3 किलोमीटर अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ रही है स्थानीय लोगों का कहना है।

कि पिछले कई महीनों से स्कूली बच्चों के रिक्शा, टैम्पो, एम्बुलेंस, कचरा वाहन और बिजली विभाग की गाड़ियां इस मार्ग का उपयोग नहीं कर पा रही हैं जिससे जनजीवन प्रभावित हो रहा है नागरिकों ने आरोप लगाया है कि निर्माण कार्य बेहद धीमी गति से किया जा रहा है और सीमित मजदूरों के सहारे काम लंबे समय से अधूरा पड़ा है। वहीं मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं को भी भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है कई श्रद्धालु लोहे के पाइप और निर्माण सामग्री को पार करते समय चोटिल हो चुके हैं जिससे दुर्घटना की आशंका बनी हुई है।

स्थानीय नागरिकों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है। समाजसेवी कैलाश नारायण पाण्डेय एवं क्षेत्रीय नागरिकों ने कलेक्टर से मानवीय आधार पर तत्काल हस्तक्षेप कर बंद मार्ग को अविलंब खुलवाने और निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा कराने की मांग की है ताकि आमजन और श्रद्धालुओं को राहत मिल सके।

# बरगी बांध हादसाः रोमांच बना मौत का सफर, क्या सिर्फ प्रतिबंध से खत्म होगी लापरवाही?

संपादकीय

सवाल है कि नौकाओं के संचालकों के लिए क्या यह नियम जरूरी नहीं होना चाहिए कि टिकट लेने वाले लोगों के साथ उनके बच्चों की संख्या भी दर्ज की जाए, ताकि आपात स्थिति में सुरक्षा बंदोबस्त में कोई कमी न रहे?

मध्य प्रदेश में जबलपुर के बरगी बांध में एक क्रूज नाव के पलटने से हुए हादसे की त्रासदी ने एक बार फिर नागरिक सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। इस हादसे ने नाव पर सवार होकर रोमांच महसूस करने के कई लोगों के उत्साह को मातम में बदल दिया। हैरानी इस बात की है कि दुर्घटना के बाद प्रशासन के पास नाव में सवार कुल लोगों की सटीक जानकारी तक नहीं थी। अधिकारियों ने टिकटों की संख्या के आधार पर आंकड़ा जारी कर दिया, जबकि कई लोगों के साथ उनके बच्चे भी नाव पर सवार थे।

सवाल है कि नौकाओं के संचालकों के लिए क्या यह नियम जरूरी नहीं होना चाहिए कि टिकट लेने वाले लोगों के साथ उनके बच्चों की संख्या भी दर्ज की जाए, ताकि आपात स्थिति में सुरक्षा बंदोबस्त में कोई कमी न रहे? दूसरी ओर ऐसी खबरें भी आई हैं कि दुर्घटना की शिकार हुई नौका पर पहले से सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं थे और न ही स्थानीय मौसम के पूर्वानुमान की कोई व्यवस्था थी। ऐसे में इसे व्यवस्थागत लापरवाही नहीं तो और क्या कहा जाएगा। गौरतलब है कि गुरुवार को बरगी बांध में एक क्रूज नौका तेज आंधी की चपेट में आकर पलट गई थी। इस दुर्घटना में अब तक नौ लोगों के शव बरामद हो चुके हैं, जबकि कुछ लोग अब भी लापता हैं। हादसे में जीवित बचे लोगों का दावा है कि नौका पर सवार किसी भी यात्री ने जीवन रक्षक जैकेट नहीं पहनी थी। जब आपात स्थिति महसूस हुई, तभी वे यात्रियों में वितरित करने की कोशिश की गई, लेकिन कुछ लोगों को इन्हें पहनने का मौका ही नहीं मिला। सवाल है कि जो नियम नौका चालकों को प्रशिक्षण के दौरान अनिवार्य रूप से सिखाए जाते हैं, अगर उन्हें ही नजरअंदाज कर दिया जाए, तो यह सीधे तौर पर लापरवाही को उजागर करता है। यही नहीं, जल पर्यटन के इस क्षेत्र में मौसम पूर्वानुमान की व्यवस्था न होना भी सवाल खड़े करती है। राज्य सरकार ने हादसे के बाद क्रूज नावों के संचालन पर प्रतिबंध लगा दिया है, लेकिन क्या सिर्फ इस कदम से ऐसी दुर्घटनाओं पर पूरी तरह रोक पाएगी। ऐसे में सभी राज्यों को चाहिए कि इस हादसे से सबक लेकर तमाम व्यवस्थाओं में सुधार किया जाए।

## सृष्टि के सर्जनहार प्रकाश ब्रह्म भगवान राम हैं

संजय गोस्वामी

चार वेद में मूलभूत भूल थी है जिसमें व्यासजी जैसे ऋषि-मुनियों ने चार वेद का दोहन करके अपने अपने विरोधाभासी मत दर्शाकर मतभेद खड़े किये है और खट-पट बढ़ गई है। नेति नेति का हार्द समझें बिना ही अनंत ब्रह्मांड में ??कार के स्वरुप में सर्वव्यापक प्रकाश ब्रह्म है जो सृष्टि के सर्जनहार का परम प्रकाश ब्रह्म है। उस सर्जनहार की विश्व में कोई यथार्थ खोज नहीं कर पाया इसलिए चार वेद से चली आई भूल दिन दूना रात चौगुना बढ़ती ही गई जो थमने का नाम नहीं रही है। हररोज एक नया भगवान और देवी पैदा होती ही रहती है। क्यों कि कवियों की काल्पनिक मनगढ़ंत तथ्यहीन रसिक कविताओं और वाणीयों रुप वाणी विलास में जगत फंस गया है। जगत में आज तक न किसी को निज चैतन स्वरुप अंश का यथार्थ बोध है और न सृष्टि के सर्जनहार का बोध है, फिर भी च्युंइगम की तरह वाणी विलास के नशे में चबाते हुए सब मस्त है जैसे कि उनको परमपद की प्राप्ति अभी इसी वक्त हो गई हो।? जब भीतर ही परमात्मा का बोध दृढ़ हो जाए, तब भय मिट जाता है क्योंकि रक्षक और रक्षित का भेद ही नहीं रहता – वही शरण, वही शरणागत हो जाता है। बुद्धि से आगे कि यात्रा के लिए प्रेम ही सहारा है। संसारीक पदार्थो से विरक्ति होने पर प्रेम कि शुरुआत होती है। भोगों का दमन नहीं करा जा सकता क्योंकि मन द्वारा उत्पन्न सृष्टि का भोक्ता मन ही है। ये ऐसा ही है जैसे चित्रकार कागज को भुलाकर उसमें बने हुए चित्रों को ही भोग रहा है : परिवार है समाज है कुटुंब इत्यादि है धन सम्पत्ति मान मर्यादा इतना सब जीवन भर मेहनत करके जोड़ा उसका त्याग सरल नहीं होता है : शरीर और संसार में अहं भाव है ही नहीं। अहं है कहां किसमें जानने मानने में है। अनजाने में भी है। ज्ञान अज्ञान में भी। जनाइये मैं कौन हूं हूं भाव कौन सवाल मैं संकेत मात्र हूं या नहीं भाव हैं। अहं न देह में है न संसार में, वह केवल जानने वाले मैं हूँ के स्फुरण में है – और जब यह स्फुरण भी किसमें उठ रहा है यह देखो, तो मैं केवल साक्षी का संकेत मात्र रह जाता है, भाव नहीं।! : राम कथा के तेई अधिकारी । जिन्ह के सत संगति अति प्यारी।। सत्संग श्रवण कीजिए सब कुछ ठीक हो जाएगा। एक मृत शरीर है और एक जीवित शरीर है दोनों ही पर सुर्य का प्रकाश पड रहा है एक शांत है और दुसरे में प्राण है। सुर्य कि दृष्टि से दोनों ही सुर्य के विषय है और सुर्य दोनों का विषयेता । तीनो ही सतय बनकर स्थित है ये बुद्धि का विचार है धारणा है मन का निश्चय है। यदि अचानक से पता चले कि ये जो कुछ भी देखा वो स्वप्न में देखा तो कोई एक सत्ता ऐसी भी हैं जो सुर्य को भी प्रकाशित कर रही है। अब एक मृत शरीर है एक जीवित शरीर है एक बुद्धि है एक सुर्य है और एक वो सत्ता भी है जो इन सबको स्वप्न में एक क्षण में रच लेती है : आजकल तत्त्वदर्शी तत्त्ववेत्ता केवल एक ही पूरे विश्व में है और वह राजनीति में कृष्ण की तरह से है।वह उत्तर भारत में प्राप्त है उसके प्रवचन फोटो भी इस साइट पर आए हैं। परन्तु उसके बारे में जानकारी देने वाले उचित-अनुचित से अनभिज्ञ हैं। जिस महात्मा के बारे में जानकारी दी गई है उसके चेले उचित-अनुचित से अनभिज्ञ हैं मैंने पहले ही बता दिया है। चेले को यह साफ़ साफ़ स्पष्ट रूप से देखें जा सकते हैं कि उन्होंने क्या सीखा है? और उस महापुरुष को अपने स्वभाव से ख़राब करते रहते हैं। एक उपले रखने के लिए बरसात में बटिहा जिसमें उपले सूखें रहें बनाया जाता है। तब उसमें से उपले ही निकलते हैं उसी तरह से कुछ महात्माओं के चेले निम्न श्रेणी के फंसे हुए रहते हैं और वह उस महापुरुष को अपने स्वभाव से बदनाम करते रहते हैं। इतना समय हो गया उस महापुरुष का शिष्य यहां पर किसी का भी समाधान नहीं कर सका है जबकि वह बड़े बड़े लेख लिखने से अपने को महात्मा रूप में व्यक्त करता है गुरु को कभी नहीं। कैसा कलियुग आ गया है।अन्त में राम नाम सत्य है का स्मरण करने का कारण यह है कि जब मनुष्य अंतिम समय में होता है तो बहुत ज्यादा कष्ट में होता क्योंकि वो माया की जाल में जकड़ा रहता है और जैसे ही प्राण त्याग देता है तब जो मनुष्य अपने जीवन काल में जितना गलत करता है उतना उस आत्मा को गुस्सा आती है और इसलिए किसी किसी के मरते वक़्त शरीर कभी डरावना या चेहरा गुस्से में आंख जीभ निकला हुआ रहता है जो सत्य कर्म करते हैं उसका शरीर अंतिम समय एक शांत सा गहरी निद्रा में दिखाई देता है मरने के बाद आत्मा शरीर के पास ही रहती है जिसे कई वैज्ञानिकों ने यन्त्र से देखा है लेकिन वो शरीर में इसलिए नहीं जाती क्योंकि उसे अपने जीवन में किये गए गलत कार्यो से नफरत होता और फिर जब राम नाम सत्य है का उद्घोष होता है तो आत्मा में चेतना होती है अतः वह पुनः भगवान राम की खोज में निकल पड़ता है और जब सभी बुरे कर्मो का कष्ट भोगता है ।

# नफरत की आग कब बुझेगी? अब 'कारपोरेट जिहाद

**हाल में महाराष्ट्र का नासिक शहर दो बार अखबारों की सुर्खियों में रहा। पहली बार अशोक खरात के मामले को लेकर, जो एक ढ़ोंगी बाबा था और महिलाओं, खासकर समाज के उच्च वर्ग की महिलाओं, का यौन शोषण करता था। उसने अपनी छवि एक चमत्कारी बाबा की बनाने के लिए कुछ नए तरीके अपनाए। वह लोगों को उनका अतीत, वर्तमान और भविष्य बताकर प्रभावित करता था। वह महिलाओं को ब्रेन वाश कर उन्हें अपना अनुयायी बनाता था और उन्हें अपना सब कुछ उसे समर्पित कर देने के लिए राजी कर अपनी शारीरिक भूख मिटाता था। उसने सांप और अन्य जंगली जानवर पाले हुए थे और वह इन जानवरों से महिलाओं को डराकर कर उन्हें अपनी बात मानने के लिए मजबूर करता था। अंधश्रद्धा के इसी क्रम में भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश बी. आर. गवई, धीरेन्द्र शास्त्री, जिन्हें बागेश्वर धाम बाबा के नाम से जाना जाता है, से मिलने गए। यहां यह बताना प्रासंगिक होगा कि गवई यह दावा करते हैं कि वे डॉ. बी. आर. अम्बेडकर के अनुयायी हैं।**

राम पुनियानी

अम्बेडकर केवल और केवल तार्किकता में विश्वास रखते थे। इस मामले को मीडिया ने थोड़ा-बहुत कव्हर किया और बजरंग दल और उसके जैसे अन्य संगठन चुप्पी साधे रहे क्योंकि यह एक हिन्दू बाबा द्वारा हिन्दू महिलाओं के दैहिक शोषण का मामला था मगर चूंकि इसमें कोई मुसलमान शामिल नहीं था।

लेकिन इसके कुछ ही दिनों बाद नफरती तत्वों को इसी नासिक से नफरत की आग भड़काने के लिए पुलिस की एक रिपोर्ट के रूप में भरपूर ईंधन मिल गया। इस रपट में एक हिंदू लड़की ने दावा किया था कि एक मुस्लिम कर्मचारी उसका यौन शोषण कर रहा है। इस मुस्लिम कर्मचारी का इस लड़की से अफेयर चल रहा था और लड़की के मुताबिक उस मुस्लिम युवक ने उससे शादी करने का वादा किया था, किंतु बाद में वह मुकर गया। पुलिस को की गई इस शिकायत से पुलिस और हिन्दुत्ववादी तत्वों को सक्रिय होने का अवसर मिल गया और पुलिस की एक गोपनीय कार्यवाही शुरू हुई।

पुलिस की जांच, जिसकी सराहना राज्य के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़नवीस तक ने की, के अनुसार टाटा कन्सलटेंसी सर्विसिस (टीसीएस) में धर्मपरिवर्तन कराने की एक योजनाबद्ध साजिश को अमल में लाया जा रहा था। कुछ मुस्लिम कर्मचारी (जिनकी संख्या सात थी) हिंदू कर्मचारियों को लालच देकर और डरा धमका कर उनसे नमाज पढ़वाने और उन्हें गौमांस खिलाने का अभियान चला रहे थे। इस मामले से जुड़ी खबरें मीडिया में छाई हुई हैं और एक नया शब्द 'कारपोरेट जिहाद गढ़ लिया गया है।

इससे आशय यह है कि बड़ी कंपनियों में मुस्लिम कर्मचारी लव जिहाद और धर्मपरिवर्तन में जुटे हुए हैं। टीसीएस ने सभी आरोपी कर्मचारियों को निलंबित कर दिया, और कहा कि कदाचार को




कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। टाटा सन्स के प्रमुख एन. चन्द्रशेखरन ने इन आरोपों को 'अत्यंत चिंतानक' बताया। 'सिटीजन्स कमेटी, मुंबई (एसोसिएशन फॉर प्रोटेक्षन ऑफ सिविल राईट्स और पीयूसीएल की संयुक्त समिति), निरंजन टल्के और अन्यों ने इस मामले की जांच-पड़ताल की। जांच पूरी होने के बाद उन्होंने मुंबई में एक पत्रकार वार्ता का आयोजन किया। टल्के ने बताया कि पुलिस की जांच में कई गड़बड़ियां और कमियां हैं। पहली, यह कि निदा खान, जो एचआर विभाग की प्रमुख थी, महिला कर्मचारियों को मजबूर करके अपना शिकार बनाती थी। सच यह है कि निदा खान एचआर विभाग की प्रमुख नहीं बल्कि मात्र एक टेलिकालर थी।

यह दावा कि इस साजिश पर पिछले चार सालों से अमल किया जा रहा था, बिल्कुल गलत है क्योंकि टीसीएस के नासिक कार्यालय से धर्मपरिवर्तन कर इस्लाम स्वीकार करने का एक भी मामला सामने नहीं आया है। धर्म परिवर्तन की एक घटना जरूर हुई है जिसमें जहाना नाम की एक ईसाई लड़की ने हिंदू धर्म ग्रहण किया है। समिति ने इस आरोप को खारिज कर दिया कि जिन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, वे अन्य लोगों को जबरदस्ती गौमांस खिलाते थे। क्या यह मुमकिन है कि थोड़े से कर्मचारी अन्य कर्मचारियों को, जिनकी संख्या उनसे कई गुना अधिक है, को कुछ भी खाने के लिए मजबूर कर सकें। इसके अलावा मुख्य आरोपी दानिश शेख पर दुष्कर्म और उस लड़की से अपनी वैवाहिक स्थिति छिपाने का जो आरोप लगाया गया है, वह भी सच नहीं लगता क्योंकि दानिश की पत्नि और तथाकथित पीड़ित लड़की के बीच व्हाटसएप पर संदेशों का आदान-प्रदान होता रहता था। साथ ही यह लड़की दानिश के साथ मोटरसाईकिल पर नासिक से 27 किलोमीटर दूर पर्यटन स्थल त्रयंबकेश्वर गई थी। यह सवाल किए जाने पर कि मुस्लिम कर्मचारियों की छवि बिगाड़ने की इस योजना का उद्धेश्य क्या है, टल्के ने कहा कि ऐसा लगता है कि इसका उद्धेश्य सभी मुसलमानों के प्रति नफरत बढ़ाना था। पत्रकार वार्ता में मौजूद तीस्ता सीतलवाड, जो मानवाधिकारों एवं संवैधानिक मूल्यों की रक्षा के लिए अथक प्रयास करती रहती हैं, ने कहा कि ऐसा लगता है कि यह सुनिश्चितत करने का योजनाबद्ध प्रयास किया जा रहा है कि कंपनियां शिक्षित मुस्लिम युवाओं को नौकरी न दें। यह शिक्षित मुसलमानों पर उन्हें बदनाम करने के उद्धेश्य से किया गया हमला है। इस पूरे मामले को साम्प्रदायिक शक्तियों द्वारा इन दो लक्ष्यों की पूर्ति के लिए उठाया गया है।

समिति के सदस्यों ने इस ओर भी ध्यान दिलाया कि मीडिया द्वारा तथ्यों की पुष्टि किए बिना दहशत पैदा करने का यह काम बहुत परेशान करने वाला है। निदा खान, जिसे इस पूरी साजिश का मुख्य पात्र बताया जा रहा है, का कई महीने वाले मुंबई कार्यालय में स्थानांतरण हो चुका था जहां वह अपने परिवार के साथ रह रही थी। 'हिंदू खतरे में हैं' की धारणा को एक बार फिर खाद-पानी दिया जा रहा है। धर्मपरिवर्तन और लव जिहाद का प्रोपेगेंडा इसके मुख्य हथियार नजर आ रहे हैं। इसके साथ ही इसका उद्धेश्य टीसीएस जैसी कंपनियों में मुसलमानों को रोजगार मिलने की संभावना को कम करना भी है। यौन उत्पीड़न की घटनाओं के संबंध में अशोक खरात के मामले को दबाने और दानिश के मामले को बढ़ा-चढ़ाकर, झूठ का सहारा लेकर, उछालने का मीडिया का यह रवैया अत्यंत निंदनीय है।

हम यहां से किस तरफ जाएंगे? साम्प्रदायिक शक्तियों द्वारा गढ़ा गया आख्यान कुछ ही घंटों में समाज को जकड़ लेता है जबकि पूरी सच्चाई सामने आने में कई दिन या हफ्ते लग जाते हैं। साम्प्रदायिक शक्तियों द्वारा स्थापित किया गया तंत्र, मीडिया की मदद और जांच एजेन्सियों का पक्षपातपूर्ण रवैया एक खतरनाक मिश्रण है जो नफरत बढ़ाता है और अल्पसंख्यक समुदाय को हाशिए की ओर धकेल देता है। जहां तक लव जिहाद की बात है, यह बांटने वाली ताकतों के हाथ आया बहुत बड़ा हथियार है जिसके जरिए वे हिंदू लड़कियों की आजादी पर तरह-तरह के प्रतिबंध लगाने में कामयाब हो रहे हैं। इस मामले में की गई गहन जांच-पड़तालों से यह निष्कर्ष निकलता है कि यह कपोल कल्पित प्रोपेगेंडा के अलावा कुछ नहीं है। हादिया (धर्मपरिवर्तन के पूर्व अखिला) के मामले सहित ऐसे ज्यादातर मामले जो न्यायालयों तक पहुंचे, में यह साबित हुआ कि लड़कियों द्वारा स्वतंत्रतापूर्वक, स्वेच्छा से फैसले लिए गए थे। 'केरेला स्टोरी' फिल्म ने इस दिशा में प्रोपेगेंडा को आगे बढ़ाने में बड़ी भूमिका अदा की।

मुसलमान लव जिहाद और धर्मपरिवर्तन के जरिए अपनी जनसंख्या बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं, यह आरोप इतनी बार दुहराया गया है कि लोग इसे सुनते-सुनते ऊब गए हैं। यह हिंदू राष्ट्रवादियों द्वारा अत्यंत कुशलता पूर्वक चलाए जा रहे अभियान का हिस्सा है जिसके निशाने पर मुस्लिम समुदाय है। अब वे योजनाबद्ध तरीके से टीसीएस जैसे मामले उठाकर मुस्लिम युवकों के रोजगार हासिल करने की राह में बाधाएं खड़ी कर रहे हैं।

हमें याद है कि कोविड-19 महामारी के दौरान 'कोरोना जिहाद जैसे शब्द गढ़े गए थे। उस समय यह प्रोपेगेंडा फैलाया गया था कि मुसलमान कोरोना फैला रहे हैं, इसलिए फेरी लगाकर सामान बेचने वाले मुसलमानों को कालोनियों में प्रवेश नहीं करने देना चाहिए। अब मुस्लिम दुकानदारों का बहिष्कार करने के आव्हान खुलेआम हो रहे हैं।

कई लोग यह दावा कर रहे हैं कि साम्प्रदायिक हिंसा की घटनाओं में गिरावट आ रही है और पिछले कुछ वर्षों में कोई बड़ा साम्प्रदायिक दंगा नहीं हुआ है। मगर हिंसा की छोटी-मोटी, विभिन्न इलाकों में छितरी हुई घटनाएं बड़ी संख्या में हो रही हैं जो हिंसा का ही एक रूप है। यह कई स्वरूपों में हो रहा है और अल्पसंख्यक समुदाय के खिलाफ नफरत फैलाई जा रही है। संबंधित संस्थानों को इस मामले की पूर्णतः सत्य और निष्पक्ष रपट जारी करनी चाहिए। टीसीएस जैसी कंपनियों को झूठे प्रोपेगेंडा का भंडाफोड़ करना चाहिए, झूठे आरोपों में फंसा दिए गए अपने निर्दोष कर्मचारियों की नौकरी बहाल करनी चाहिए, और दोषियों को दंड दिलवाने में मदद करनी चाहिए।

# सुरक्षित जल यात्राः सावधानी, सजगता और सुरक्षा का संगमः जबलपुर बरगी डैम हादसा!

**30 अप्रैल को शाम लगभग 5-5:45 बजे के लगभग मध्य प्रदेश के जबलपुर के पास बरगी डैम (नर्मदा नदी) में हादसा हो गया, यह बहुत ही दुखद घटना है। दरअसल, जैसा कि मीडिया में यह सामने आया है कि एक पर्यटक क्रूज बोट, जिसमें 30-40 के करीब लोग सवार थे, अचानक तेज हवा और उफनती लहरों में फंस गई और मौसम खराब होने के बावजूद बोट पानी की लहरों पर चलती रही और अचानक संतुलन बिगड़ने से पलट गई। उपलब्ध जानकारी के अनुसार इस हादसे में (जबलपुर क्रूज हादसे) के तीसरे दिन मरने वालों की संख्या 10 तक पहुंच गई है और 3 लोग अभी भी लापता बताए जा रहे हैं। हालांकि, अच्छी बात यह है कि इस हादसे में 28 लोगों की जिंदा बचा लिया गया। बहुत ही दुखद है कि इस हादसे में एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हुई है।यह हादसा बेहद अचानक हुआ और कुछ ही मिनटों में ही सैर-सपाटा जानलेवा स्थिति में बदल गया।**

सुनील कुमार महला

कहते हैं कि जीवन-मरण मनुष्य के हाथ में नहीं है, लेकिन सजगता, बचाव, सतर्कता मनुष्य के हाथ में है। थोड़ी सी लापरवाही कभी कभी बहुत गंभीर साबित होती है।इस हादसे में पलभर में हंसता-खेलता एक परिवार कुछ ही समय में तबाह हो गया। बताया जा रहा है और जो क्रूज हादसे का शिकार हुआ, वह मध्यप्रदेश पर्यटन विभाग का था।इस हादसे की एक तस्वीर वायरल है, जिसमें एक मां(मेरिना) अपने 4 साल के बेटे(त्रिशान) को अपने सीने से चिपकाए हुए है,इस तस्वीर ने हर किसी को सदमे में ला दिया, विचलित कर दिया। इस दुर्घटना में दोनों मां-बेटे और बच्चे की नानी की मौत हो गई है।मेरिना की बहन ट्रीजा चौहान एक प्रतिष्ठित न्यूज एजेंसी को यह बताया है कि पहली कॉल(मेरिना से विडियो काल)के दौरान उन्होंने देखा था कि नाव में मौजूद ज्यादातर लोगों ने लाइफ जैकेट नहीं पहनी थी, जो एक गंभीर लापरवाही थी। मेरिना के पति प्रदीप ने बताया कि अचानक आई तेज हवाओं से बोट बुरी तरह हिलने लगी थी।जब बोट में पानी भरने लगा, तो उन्होंने लाइफ जैकेट निकालने के लिए ताला तोड़ा और उसे पहनकर अपनी बेटी के साथ वहां से निकल गए। उन्होंने देखा कि मेरिना अपने बेटे को बचाने की कोशिश कर रही हैं वह उसे लाइफ जैकेट पहना रही है, लेकिन मेरिना और उसका बेटा नहीं बच पाए। बहरहाल, यदि हम यहां पर हादसे के मुख्य



कारणों की बात करें तो (जैसा कि प्रारंभिक जांच में यह पता चला है) खराब मौसम (तेज हवा और ऊंची लहरें), सुरक्षा में भारी लापरवाही(यात्रियों को समय पर लाइफ जैकेट नहीं दी गई),बोट चालक की लापरवाही(जैसा कि यात्रियों और किनारे से चेतावनी मिलने के बावजूद बोट वापस नहीं लाई गई) और क्रू के व्यवहार(जैसा कि कुछ बचे लोगों ने आरोप लगाया कि क्रू ने स्थिति बिगड़ने पर यात्रियों को छोड़ दिया गया) को बताया जा रहा है।कई रिपोर्ट्स में तो यहां तक बात कही गई है कि लाइफ जैकेट बाद में दी गई या उपलब्ध ही नहीं थी। कुछ पुलिस अधिकारियों ने यह बात तक कही है कि टूरिस्ट ऊपर चले गए थे, जिसकी वजह से जहाज में बैलेंस खराब हो गया था। तेज हवा चलने की वजह से टूरिस्ट इधर-उधर भागने लगे उसकी वजह से भी जहाज अनियंत्रित हो गया और उसमें पानी भरने लगा। हालांकि अभी तक आधिकारिक रूप से यह नहीं बताया गया है कि दुर्घटना क्यों और कैसे हुई? शुरुआती जानकारी के अनुसार, मौसम खराब होने के बावजूद क्रूज का संचालन जारी रहा और सुरक्षा नियमों का पूरी तरह पालन नहीं किया गया।टूरिस्ट ने बताया कि हवा तेज होने पर उन्होंने क्रूज को किनारे पर ले जाने को कहा, लेकिन उनकी बात नहीं सुनी और उसे पानी के बीच में ले जाया गया। जानकारी के अनुसार हादसे का पता लगते ही एनडीआरएफ,एसडीआरएफ पुलिस और स्थानीय गोताखोरों द्वारा संयुक्त ऑपरेशन चलाया गया। इतना ही नहीं,स्थानीय लोगों ने भी काफी मदद की। मसलन,कुछ मजदूरों ने मानव श्रृंखला बनाकर कई लोगों की जान बचाई। जानकारी के अनुसार एक 70 वर्षीय व्यक्ति 3 घंटे तक पानी में फंसे रहने के बाद बच गया। हादसे के बाद सवाल उठे कि क्या लाइफ जैकेट अनिवार्य थी? खराब मौसम में क्रूज क्यों चलाया गया? कुछ कर्मचारियों को हटाया गया और जांच शुरू कर दी गई है।

हालांकि, यहां यह कहना ग़लत नहीं होगा कि जबलपुर बरगी डैम हादसे के वास्तविक कारणों का खुलासा पूरी,सघन जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। वास्तव में, ऐसे मामलों में प्रारंभिक जानकारी अक्सर अधूरी या भ्रामक हो सकती है, इसलिए तकनीकी जांच, प्रत्यक्षदर्शियों के बयान और प्रशासनिक रिपोर्ट बेहद महत्वपूर्ण होती हैं। हादसे के पीछे लापरवाही, सुरक्षा मानकों की अनदेखी या प्राकृतिक कारण-इन सभी पहलुओं की गहराई से जांच आवश्यक है। निष्पक्ष और विस्तृत जांच से ही सच्चाई सामने आएगी और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए ठोस कदम उठाए जा सकेंगे। हाल फिलहाल, जलाशयों, बांधों, झीलों में डूबने के हादसे चिंतनीय हैं, प्रशासन को इस तरह की घटनाओं, हादसों पर गंभीरता से सुरक्षा प्रबंधों पर विचार करना होगा और उन्हें समय रहते अमल में लाना होगा। वास्तव में जलाशयों, नदियों, बांधों और झीलों में सुरक्षा प्रबंधन सुनिश्चित करना आज अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि ये जलस्रोत जीवन, सिंचाई और ऊर्जा के प्रमुख आधार हैं। इसके लिए बहुस्तरीय उपाय अपनाने की जरूरत है। सबसे पहले, बांधों और जलाशयों की नियमित तकनीकी जांच, संरचनात्मक मजबूती और जलस्तर की सतत निगरानी सुनिश्चित की जानी चाहिए। आधुनिक तकनीकों जैसे सेंसर, ड्रोन और रियल-टाइम मॉनिटरिंग सिस्टम का उपयोग जोखिमों का समय रहते पता लगाने में सहायक होता है।दूसरे, जलस्रोतों के आसपास सुरक्षा मानकों का पालन अनिवार्य किया जाए-जैसे चेतावनी संकेत, बैरिकेडिंग, और खतरनाक क्षेत्रों में प्रवेश पर नियंत्रण। तीसरे, आपदा प्रबंधन की ठोस योजना तैयार होनी चाहिए, जिसमें बाढ़ या बांध टूटने जैसी आपात स्थितियों के लिए त्वरित चेतावनी प्रणाली और बचाव दल की उपलब्धता शामिल हो। इतना ही नहीं, जलाशयों, नदियों, बांधों और झीलों में सुरक्षा प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए लाइफ जैकेट जैसे उपकरणों का उपयोग अत्यंत आवश्यक है। नाव या जल गतिविधियों के दौरान प्रत्येक व्यक्ति के लिए लाइफ जैकेट पहनना अनिवार्य होना चाहिए, साथ ही लाइफ बॉय, रस्सियां और बचाव उपकरण भी उपलब्ध रहने चाहिए। इसके साथ ही सुरक्षा नियमों का पालन, चेतावनी संकेत और लोगों में जागरूकता बढ़ाना जरूरी है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में जान-माल की हानि को कम किया जा सके। इसके अतिरिक्त, स्थानीय समुदाय की जागरूकता और सहभागिता भी बेहद महत्वपूर्ण है। लोगों को जलस्रोतों के खतरों और सुरक्षा नियमों के प्रति शिक्षित करना चाहिए।

# जुंबा एरोबिक्स में तीन पीढ़ियां एक साथ झूमीं मनेन्द्रगढ़ में बटालियन जवानों ने दिया फिटनेस का संदेश नियमित एक्सरसाइज के लिए किया मोटिवेट





**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** मनेन्द्रगढ़ में 18वीं बटालियन चैनपुर के जवानों द्वारा एक अनोखे जुंबा एरोबिक्स कार्यक्रम का आयोजन किया गया स्थानीय सुरभि पार्क में हुए इस आयोजन में तीन पीढ़ियों के लोगों ने एक साथ हिस्सा लेकर फिटनेस का संदेश दिया।

इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य फिटनेस को जन-जन तक पहुंचाना था इसमें शामिल होने के लिए कोई शुल्क या प्रवेश संबंधी पूछताछ नहीं की गई जिससे यह पहल पूरे क्षेत्र का ध्यान आकर्षित कर सकी जुंबा एरोबिक्स कार्यक्रम में बच्चे, युवा और 80 वर्ष तक के बुजुर्गों ने उत्साह के साथ भाग लिया सभी आयु वर्ग के प्रतिभागियों ने मिलकर स्वस्थ जीवनशैली का महत्व दर्शाया।

**लोगों को दिया 'फिट रहो, स्वस्थ रहो' का मूल मंत्र:** कार्यक्रम का नेतृत्व 18वीं बटालियन के हेड संजय शर्मा ने किया। उन्होंने 'फिट रहो, स्वस्थ रहो' का मूल मंत्र देते हुए लोगों को नियमित व्यायाम के लिए प्रेरित किया शर्मा ने बताया कि आयोजन का मुख्य उद्देश्य लोगों को स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक करना है क्योंकि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में लोग अपने स्वास्थ्य को नजरअंदाज कर देते हैं।

**जुंबा एरोबिक्स में हर उम्र के लोगों ने दिखाया जोश:** सुरभि पार्क में जब म्यूजिक की धुन पर जुंबा और एरोबिक्स शुरू हुआ तो माहौल ऊर्जा और उत्साह से भर गया। बटालियन के 80 जवानों के साथ-साथ छोटे बच्चे, युवा और 80 साल तक के वरिष्ठ नागरिकों ने भी पूरे जोश और आत्मविश्वास के साथ हिस्सा लिया यह साबित करते हुए कि फिटनेस की कोई उम्र नहीं होती। स्थानीय योग ट्रेनर सतीश उपाध्याय ने इस आयोजन को फिटनेस को बढ़ावा देने के साथ-साथ सामाजिक एकता और सामूहिक सहभागिता की मिसाल बताया। आयोजकों ने भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित करने की बात कही है ताकि अधिक से अधिक लोग स्वस्थ और सक्रिय जीवन अपना सकें।

# मगरौनी चौकी के सामने हनुमान मंदिर से घंटे-घंटियां चोरी



**मीडिया ऑडीटर, शिवपुरी (निप्र)।** नरवर थाना क्षेत्र की मगरौनी चौकी के ठीक सामने स्थित हनुमान मंदिर में चोरी की घटना सामने आई है अज्ञात चोरों ने शनिवार रात मंदिर का ताला तोड़कर घंटे और घंटियां चुरा लीं मंदिर चौकी से मात्र 20 फीट की दूरी पर है चोरों ने मंदिर से 5-5 किलोग्राम के दो बड़े घंटे और 2-2 किलोग्राम की चार घंटियां चुराईं वे ताला तोड़कर अंदर घुसे और वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए स्थानीय लोगों ने इस घटना पर पुलिस व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं उनका कहना है कि चौकी के इतनी करीब चोरी होने के बावजूद पुलिसकर्मियों को इसकी भनक तक नहीं लगी रहवासियों ने आशंका जताई है कि नशे के आदी लोगों ने इस वारदात को अंजाम दिया होगा। उनका आरोप है कि चोर आराम से चोरी करके भाग गए लेकिन चौकी में मौजूद पुलिसकर्मी बेखबर रहे इस संबंध में मगरौनी चौकी प्रभारी अभिमन्यु सिंह ने बताया कि अज्ञात चोरों ने मंदिर से घंटे चुराए हैं पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

# सिम्स के डॉक्टरों ने हिप सर्जरी से मरीज को चलाया आयुष्मान से हुआ मुफ्त इलाज



मीडिया ऑडीटर, शिवपुरी (निप्र)। बिलासपुर के सिम्स अस्पताल में डॉक्टरों ने 32 वर्षीय युवक को जटिल रिविजन टोटल हिप रिप्लेसमेंट सर्जरी के जरिए नया जीवन दिया है गिरने के कारण मरीज के कूल्हे का इम्प्लांट खिसक गया था जिससे उसे चलने में परेशानी हो रही थी आयुष्मान कार्ड के तहत यह इलाज मुफ्त में किया गया। बिलासपुर निवासी अमन कश्यप का लगभग एक साल पहले सिम्स में दोनों कूल्हों का प्रत्यारोपण हुआ था वह तेजी से स्वस्थ हो रहे थे लेकिन कुछ समय बाद घर पर गिरने से उनके कूल्हे में लगे इम्प्लांट अपनी जगह से खिसक गए इसके कारण उन्हें तेज दर्द, चलने में कठिनाई और कूल्हे में अस्थिरता की गंभीर समस्या होने लगी स्थिति बिगड़ने पर अमन ने सिम्स के अस्थिरोग विभाग से संपर्क किया डॉ. संजय घिल्ले की सलाह पर एक्स-रे परीक्षण में इम्प्लांट की स्थिति गंभीर रूप से प्रभावित पाई गई मामले की गंभीरता को देखते हुए विभागाध्यक्ष डॉ. एआर बेन के नेतृत्व में तत्काल रिविजन टोटल हिप रिप्लेसमेंट सर्जरी का निर्णय लिया गया।

**जटिल रिवीजन हिप रिप्लेसमेंट सर्जरी:** विशेषज्ञों के अनुसार यह सर्जरी सामान्य हिप रिप्लेसमेंट से कहीं अधिक जटिल होती है इसमें पुराने इम्प्लांट को हटाकर नए को सटीकता से स्थापित करना होता है ऑपरेशन के दौरान मरीज के दाहिने कूल्हे का कंपोनेंट पूरी तरह हिल चुका था। डॉक्टरों ने केवल एसिटाबुलर कंपोनेंट को बदला और फीमर में लगे कंपोनेंट को सुरक्षित रखा जिससे तकनीकी चुनौतियां कम हुईं सर्जरी के बाद मरीज की स्थिति में तेजी से सुधार हुआ। चिकित्सकीय निगरानी और नियमित फिजियोथेरेपी की मदद से अमन अब दोबारा सामान्य रूप से चलने-फिरने में सक्षम हो गए हैं।

**आयुष्मान भारत योजना के तहत निशुल्क सर्जरी:** यह पूरी जटिल सर्जरी आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत पूरी तरह निशुल्क की गई वहीं निजी अस्पतालों में इसी प्रकार की सर्जरी का खर्च लगभग 4 से 5 लाख रुपए तक आता है।


**विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने निभाई अहम भूमिका:** इस सफल ऑपरेशन में अस्थिरोग विभागाध्यक्ष डॉ. एआर बेन के नेतृत्व में डॉ. संजय घिल्ले, डॉ. प्रवीन द्विवेदी और पीजी स्टूडेंट्स डॉ. प्रियांश, डॉ. निरंजन, डॉ. लेखराज ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आधुनिक तकनीक, अनुभवी चिकित्सकों और समर्पित टीमवर्क के माध्यम से हम मरीजों को बेहतर, सुरक्षित और किफायती उपचार उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# यांगचेन डोलकर भूटिया बनीं शिवपुरी एसपी



**मीडिया ऑडीटर, शिवपुरी (निप्र)।** मध्य प्रदेश में बड़े प्रशासनिक फेरबदल के तहत 62 आईपीएस अधिकारियों के तबादले किए गए हैं इस सूची में कई जिलों के पुलिस अधीक्षकों (एसपी) के नाम शामिल हैं 2013 बैच की आईपीएस अधिकारी यांगचेन डोलकर भूटिया को शिवपुरी जिले का नया पुलिस अधीक्षक नियुक्त किया गया है। इससे पहले वह इंदौर देहात में एसपी के पद पर कार्यरत थीं और अपने सख्त प्रशासनिक कामकाज के लिए जानी जाती हैं वर्तमान एसपी अमन सिंह राठौड़ का तबादला इंदौर कर दिया गया है। इस बदलाव को जिले की कानून व्यवस्था को और मजबूत करने के नजरिए से देखा जा रहा है पति भिंड के एसपी, पत्नी शिवपुरी की कमान संभालेंगी दिलचस्प बात यह है कि यांगचेन डोलकर भूटिया के पति सूरज सिंह वर्मा भी 2013 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं वे दतिया के एसपी थे और अब उन्हें भिंड जिले का एसपी बनाया गया है इस तरह पति-पत्नी दोनों अब पड़ोसी जिलों-शिवपुरी और भिंड-की कानून व्यवस्था संभालेंगे जो प्रशासनिक स्तर पर एक खास संयोग माना जा रहा है।

# चलते ट्रक में लगी आग NH- 46 पर ड्राइवर ने कूदकर जान बचाई



**मीडिया ऑडीटर, शिवपुरी (निप्र)।** नेशनल हाईवे-46 (ह॥-46) पर परमजीत ढाबे के पास एक चलते ट्रक में अचानक आग लग गई यह घटना सुबह करीब 10 बजे की है सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस और दमकल की टीम मौके पर पहुंची और समय रहते आग पर काबू पा लिया ट्रक में आग लगते ही चालक ने सूझबूझ दिखाई उसने तुरंत ट्रक को सड़क किनारे सुरक्षित खड़ा किया और नीचे उतरकर अपनी जान बचाई ड्राइवर की इस सतर्कता से हाईवे पर एक बड़ा हादसा होने से टल गया। दमकल टीम के मौके पर पहुंचने से आग को फैलने से रोक लिया गया और ट्रक पूरी तरह जलने से बच गया हालांकि आग की चपेट में आने से ट्रक के केबिन का अंदरूनी हिस्सा काफी क्षतिग्रस्त हुआ है जानकारी के अनुसार यह ट्रक उत्तर प्रदेश के मेरठ से माल लेकर मध्य प्रदेश के इंदौर शहर जा रहा था इस ट्रक में परचून स्टेशनरी और पेंट ब्रश सहित अन्य सामान भरा हुआ था ट्रक में आग लगने के स्पष्ट कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि यह हादसा शॉर्ट सर्किट के कारण हुआ होगा फिलहाल पुलिस इस पूरे मामले की जांच कर रही है।

# तिरंगे में घर लौटे संजय IED ब्लास्ट में 4 जवान शहीद



**मीडिया ऑडीटर, छत्तीसगढ़ (निप्र)।** छत्तीसगढ़ के कांकेर-नारायणपुर बॉर्डर पर शनिवार को IED ब्लास्ट में 4 जवान शहीद हो गए रविवार सुबह नारायणपुर और कांकेर में शहीद जवानों को अंतिम सलामी दी गई श्रद्धांजलि के बाद जवानों के पार्थिव शरीर उनके गृह ग्राम के लिए रवाना किए गए। अंतिम सलामी के समय माहौल गमगीन हो उठा परिजनों के आंखों से आंसू छलक आए। IED जवान कॉन्स्टेबल संजय गढ़पाले की सगाई हो चुकी थी। अगले साल 15 जनवरी को उनकी शादी होनी थी उनका पार्थिव शरीर जैसे ही उनके गृह ग्राम हाराडूला पहुंचा शहीद संजय अमर रहें के नारे गूंज उठे नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी गई दरअसल फोर्स सरेंडर नक्सलियों के इनपुट पर कोरोसकोडा के जंगल में सर्च ऑपरेशन पर निकली थी इसी दौरान नक्सलियों की बिछाई गई IED को डिफ्यूज करते समय अचानक जोरदार धमाका हुआ गंभीर चोटों के कारण 3 जवानों की मौके पर ही मौत हो गई घायल जवान परमानंद कोर्राम को बेहतर इलाज के लिए रायपुर एयरलिफ्ट गया था जहां इलाज के दौरान उन्होंने भी दम तोड़ दिया।

# 120 फीट ऊंचे हाइटेंशन टॉवर पर चढ़ा युवक 5 घंटे चला हाईवोल्टेज ड्रामा



**मीडिया ऑडीटर, नर्मदापुरम (निप्र)।** नर्मदापुरम जिले के जामुनढोल गांव में रविवार सुबह एक युवक प्रेम प्रसंग के चलते 125 केवी हाईटेंशन लाइन के करीब 120 फीट ऊंचे टॉवर पर चढ़ गया घटना की सूचना मिलते ही केसला पुलिस, एनटीपीसी और एसडीईआरएफ की टीम मौके पर पहुंची करीब 5 घंटे की कड़ी मशक्कत और प्रेमिका से बातचीत के बाद संयुक्त टीम ने युवक को सुरक्षित नीचे उतार लिया। टॉवर पर चढ़ने की वजह प्रेमिका द्वारा मोबाइल नंबर ब्लॉक करना बताई जा रही है करीब 5 घंटे तक चले इस हाई वोल्टेज ड्रामे को देखकर लोगों को फिल्म शोले का सीन याद आ गया जानकारी के मुताबिक युवक और युवती के बीच प्रेम संबंध है युवक शादी करना चाहता है लेकिन युवती का कहना है कि वह पहले घर आकर उसके माता-पिता से बात करे। युवक बिना माता-पिता की सहमति के शादी करना चाहता था जिससे नाराज होकर युवती ने उसका मोबाइल नंबर ब्लॉक कर दिया इसी बात से नाराज होकर युवक हाइटेंशन लाइन के 120 फीट ऊंचे टॉवर पर आत्महत्या करने के लिए चढ़ गया था सूचना मिलते ही संयुक्त टीम ने उसे उतारने की कोशिश की इस पूरे रेस्क्यू ऑपरेशन को देखने के लिए मौके पर सैकड़ों ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई थी टावर पर चढ़ने वाले युवक की पहचान कमल धुर्वे (पिता संतोष धुर्वे) के रूप में हुई है। केसला थाना प्रभारी मदन पवार ने बताया कि प्रारंभिक जांच में मामला प्रेम प्रसंग का सामने आया है युवक युवती से शादी करना चाहता था जबकि युवती का कहना था कि उसके माता-पिता के घर आकर परिजन रिश्ते की बात करें। युवक बिना सहमति के शादी के लिए दबाव बना रहा था इसी वजह से युवती ने उसका मोबाइल नंबर ब्लॉक कर दिया। प्लाटून कमांडेंट अमृता दीक्षित ने बताया कि बिजली लाइन में सप्लाई चालू थी 125 केवी की लाइन होने से टॉवर पर चढ़ना बेहद जोखिम भरा था इसलिए टीम लगातार बातचीत के जरिए युवक को नीचे उतारने की कोशिश करती रही बाद में प्रेमिका को मौके पर बुलाकर युवक से मोबाइल पर बात कराई गई प्रेमिका ने उसे समझाया कि वह नीचे उतर आए इसके बाद बातचीत की जाएगी। इसके बाद युवक सुरक्षित नीचे उतर आया। एसडीईआरएफ की प्लाटून कमांडेंट अमृता दीक्षित ने बताया कि युवक नीचे उतरने को तैयार नहीं था टीम ने उसे बार-बार समझाइश दी प्रेमिका से मोबाइल कॉल पर बात करने के बाद वो उतरने के लिए राजी हुआ सुरक्षा के लिए नीचे एक टीम हरी नेट पकड़कर खड़ी थी जिसके बाद एक जवान को ऊपर भेजा गया और युवक को रस्सी से बांधकर सुरक्षित नीचे लाया गया।

# आंधी में मलबा गिरने से घायल ऑटो चालक की मौत होर्डिंग के साथ गिरे ईंट-पत्थर



**मीडिया ऑडीटर, शिवपुरी (निप्र)।** शनिवार को आई तेज आंधी अब जानलेवा साबित हुई है आंधी के दौरान मलबा गिरने से गंभीर रूप से घायल हुए एक ऑटो चालक ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया मृतक की पहचान पुरानी निवासी 50 वर्षीय रहीस खान के रूप में हुई है शनिवार दोपहर आई तेज आंधी ने शहर में भारी तबाही मचाई थी जिसमें रहीस खान भी चपेट में आ गए। जानकारी के अनुसार रहीस खान शनिवार दोपहर अपने ऑटो से नवग्रह मंदिर के पास थीम रोड से गुजर रहे थे तेज आंधी को देखते हुए उन्होंने एहतियात के तौर पर मंदिर के सामने अपना ऑटो खड़ा कर दिया और जनता एग्रो एजेंसी के पास खड़े हो गए इसी दौरान एजेंसी की छत पर लगा होर्डिंग और ईंट-पत्थर अचानक गिर गए इसकी चपेट में आने से रहीस खान गंभीर रूप से घायल हो गए उन्हें तत्काल उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों के मुताबिक रहीस खान के सिर में गंभीर चोट आई थी और उनकी पसलियां भी टूट गई थीं हालत नाजुक होने के कारण रात इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया।

# सेनेटरी इंस्पेक्टर निलंबित बिना रसीद वसूली का आरोप दुकानदार की शिकायत और CCTV फुटेज पर कमिश्नर ने की कार्रवाई




**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर (निप्र)।** बिलासपुर में बिना रसीद वसूली करने और अभद्र व्यवहार के आरोप में सेनेटरी इंस्पेक्टर को निलंबित कर दिया गया है यह कार्रवाई दुकानदार की शिकायत और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर की गई है। नगर निगम कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे ने स्वच्छता पेट्रोलिंग टीम के प्रभारी वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक दीपक कुमार पंकज को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है उन पर दुकानदार से अभद्र व्यवहार करने, बिना रसीद जुर्माना वसूलने और दुकान से बिना भुगतान किए सामान लेने का आरोप है।

मामले में शिकायतकर्ता दुकानदार ने साक्ष्य के तौर पर निगम को सीसीटीवी फुटेज सौंपा था फुटेज में टीम प्रभारी की आपत्तिजनक गतिविधियां सामने आने के बाद निगम प्रशासन ने इसे गंभीरता से लिया और त्वरित कार्रवाई की।

**20 हजार की मांग, 7 हजार की अवैध वसूली का आरोप:** दरअसल यह मामला 27 अप्रैल का है जब निगम की स्वच्छता पेट्रोलिंग टीम ने जोन क्रमांक 6 स्थित मिश्रा किराना स्टोर पर प्रतिबंधित पॉलिथिन जब्ती के नाम पर 20 हजार रुपए की मांग की थी आरोप है कि रकम न देने पर टीम ने दुकानदार से अवैध रूप से 7 हजार रुपए वसूल लिए।

**मुफ्त कोल्ड ड्रिंक और सार्वजनिक स्थान पर धूम्रपान का आरोप:** इसके अतिरिक्त टीम पर कार्रवाई के दौरान दुकान से मुफ्त कोल्ड ड्रिंक लेने और सार्वजनिक स्थान पर धूम्रपान करने का भी आरोप है जब यह मामला सामने आया तो अगले दिन 28 अप्रैल को दुकानदार को बैक डेट पर रसीद थमा दी गई। इसके बाद निगम कमिश्नर प्रकाश सर्वे ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच के आदेश दिए जांच में पेट्रोलिंग टीम के प्रभारी वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक दीपक कुमार पंकज दोषी पाए गए जिसके बाद कमिश्नर ने उन्हें निलंबित कर दिया।

# नर्मदापुरम में NEET-2026 परीक्षा आज 3 केंद्रों पर 1177 परीक्षार्थी देंगे परीक्षा



**मीडिया ऑडीटर, नर्मदापुरम (निप्र)।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (NTA) द्वारा आयोजित नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट (NEET-UG 2025) आज 3 मई रविवार को होगी। नर्मदापुरम में 3 परीक्षा केंद्र शासकीय पीएम श्री नर्मदा कॉलेज, पॉलिटेक्निक कॉलेज और केंद्रीय विद्यालय एसपीएम को सेंटर बनाया गया है इन केंद्रों पर 1177 परीक्षार्थी शामिल होंगे। अभ्यर्थियों को परीक्षा कक्ष में एंट्री से पहले पुलिस, मेटल डिटेक्टर और बायोमेट्रिक जांच से गुजरना होगा दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक परीक्षा होगी सेंटर में एंट्री का आखिरी समय 1.30बजे तक रहेगा इसके बाद किसी भी परीक्षार्थी को एंट्री नहीं दी जाएगी डिप्टी कलेक्टर डॉ. बबीता राठौर ने बताया फ्रिस्किंग (जांच) प्रक्रिया के लिए अभ्यर्थियों को एक घंटे पहले केंद्र पर पहुंचना और प्रशासन द्वारा जारी नियमों का पालन करना अनिवार्य है।

केंद्र में केवल परीक्षार्थी को एंट्री दी जाएगी। दो बार चैकिंग होगी गेट पर पुलिस और अंदर बायोमेट्रिक थम से चैकिंग की होगी। केंद्रों पर जूते-मोजे, एरिंग्स नाक की बाली बिछिया, हेयरपिन मेटल डिटेक्टर सामग्री बाहर ही रखवाई जाएगी हाथ, गले में बंधा कलावा पहनकर न जाएं परीक्षा केंद्र पर प्रतिभागी को अपने साथ केवल प्रवेशपत्र-पहचान कार्ड और पारदर्शी पानी की बॉटल व हवाई चप्पल पहनकर आने की अनुमति है इसके अतिरिक्त यदि कोई परीक्षार्थी मधुमेह (डायबिटीज) की बीमारी से ग्रसित है तो उसे बीमारी से संबंधित दवाइयां तथा फल ले जाने की अनुमति रहेगी केंद्र पर प्रतिभागी को उत्तर लिखने की सामग्री दी जाएगी हल्के कपड़े और स्लीपर ही मान्य है।

# रतलाम के आलोट से लापता युवक की हत्या उज्जैन में बंद कमरे में मिला शव

## परिजन ने की थाने का गेट तोड़ने की कोशिश, पत्थर फेंके




**मीडिया ऑडीटर, रतलाम (निप्र)।** रतलाम के आलोट के विक्रमगढ़ से शुक्रवार रात से लापता 22 वर्षीय युवक का शव उज्जैन के एक बंद कमरे में नील गंगा थाना क्षेत्र के हाटकेश्वर विहार में मिला है। आलोट पुलिस ने उज्जैन पुलिस के साथ घर का ताला खोल शव को बरामद किया है। रविवार सुबह पीएम होगा। युवक की हत्या की गई है। आलोट थाना पुलिस ने शव का बरामद कर लिया है। परिजनों ने कुछ युवकों पर किडनैप की आशंका जताई है। शनिवार दोपहर से परिजन व ग्रामीण बड़ी संख्या में थाने पर पहुंचे थे। पुलिस अपहरण का मामला दर्ज कर युवक की तलाश में जुटी थी। लापता युवक का नाम मनीष माली पिता दिनेश माली निवासी वार्ड 14 विक्रमगढ़ है। युवक अपने पिता के साथ हम्माली करता है। शुक्रवार शाम को पिता व बेटा काम कर एक साथ घर पहुंचे थे। रात करीब 10.30 बजे बेटा मनीष बाजार जाने का कहकर घर से निकला। इसके बाद वह घर नहीं लौटा। परिजनों ने बेटे को रातभर तलाश किया, नहीं मिला। सुबह पिता व अन्य परिजन आलोट थाने पहुंचे। पिता की रिपोर्ट पर आलोट थाना पुलिस ने अपहरण का केस दर्ज किया है।

**थाने का चैनल गेट तोड़ने की कोशिश, पत्थर पेंके :** युवक के शव मिलने की जानकारी मिलने के बाद परिजनों व ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा है। थाने का घेराव कर लिया है। आरोपियों को बाहर निकालने की मांग को लेकर आक्रोशित भीड़ ने थाने पर पत्थर फेंके। थाने के मुख्य गेट का शटर तोड़ने की कोशिश की। इस दौरान जमकर हंगामा हुआ। थाने के बाहर जाकर लोगों ने चक्काजाम कर दिया। आरोपियों के घर बुलडौजर चलाने की मांग करने लगे। काफी देर में लोग शांत हुए। अधिकारी भी आरोपियों के मकान की सीमांकन की जांच करने पहुंचे। परिजन की मांग थी कि आरोपियों का जुलूस निकाला जाए। इनके अवैध मकान तोड़े जाए। टीम सीमांकन के लिए गई है।

जावरा एसडीओपी संदीप मालवीय, आलोट एसडीओपी पल्लवी गौर लोगों को समझाने की कोशिश करते रहे। परिजन पुलिस द्वारा समय पर नहीं तलाशने का आरोप लगाया। आरोपियों को बाहर निकाल कर फांसी देने की मांग की।

# खंडवा स्टेशन को एक और अमृत भारत की सौगात

## वीकली ट्रेन दानापुर से पुणे के बीच चलेगी



**मीडिया ऑडीटर, खंडवा (निप्र)।** खंडवा जिले के रेल यात्रियों के लिए बड़ी खुशखबरी है। खंडवा को जल्द ही एक और अमृत भारत ट्रेन की सौगात मिलने जा रही है। रेलवे ने पुणे-दानापुर वीकली साप्ताहिक ट्रेन का खंडवा स्टेशन पर स्टॉपेज प्रस्तावित किया गया है। जानकारी के अनुसार, सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने पिछले महीने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर इस ट्रेन के खंडवा स्टॉपेज की मांग का पत्र सौंपा था। इसके बाद रेलवे ने इस दिशा में प्रक्रिया तेज कर दी। नई ट्रेन के शुरू होने से खंडवा के यात्रियों को महाराष्ट्र और बिहार के बीच सीधी रेल कनेक्टिविटी का लाभ मिलेगा। रेलवे द्वारा इस सेवा की शुरुआत जल्द किए जाने की संभावना है। मध्य रेल समिति सदस्य मनोज सोनी ने बताया कि वर्तमान में पुणे-दानापुर के बीच 01449/50 स्पेशल किराया ट्रेन संचालित हो रही है, जिसमें खंडवा का स्टॉपेज नहीं है। अब रेलवे बोर्ड ने इस ट्रेन को अमृत भारत रैक से नियमित रूप से चलाने का निर्णय लिया है। यह ट्रेन 11431/11432 नंबर से साप्ताहिक अमृत भारत ट्रेन के रूप में चलाई जाएगी। प्रस्तावित समय-सारणी के अनुसार, ट्रेन संख्या 11431 प्रत्येक शनिवार दोपहर 3:50 बजे पुणे से रवाना होकर रात 4 बजे खंडवा पहुंचेगी। वहीं, ट्रेन संख्या 11432 प्रत्येक सोमवार रात 3:30 बजे दानापुर से रवाना होकर रात 10:55 बजे खंडवा पहुंचेगी और अगले दिन सुबह 11 बजे पुणे पहुंचेगी। इस ट्रेन के प्रमुख स्टॉपेज दौंड कॉर्ड लाइन, अहिल्यानगर, बेलापुर, कोपरगांव, मनमाड, भुसावल, खंडवा, इटारसी, पिपरिया, नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छीओक्की, पं. दीनदयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा और दानापुर होंगे।

# सागर में घूम रहा जिलाबदर का अपराधी गिरफ्तार

## 8 जिलों में प्रवेश पर था प्रतिबंध, सदर इलाके से पकड़ा गया



**मीडिया ऑडीटर, सागर (निप्र)।** सागर में जिलाबदर अपराधी को गिरफ्तार किया है। आरोपी जिला दंडाधिकारी के आदेश का उल्लंघन कर शहर में घूम रहा था। पुलिस ने उसे पकड़कर पूछताछ के बाद न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार, आरोपी अक्कू उर्फ आकाश (32) निवासी 14 मुहाल सदर बाजार को 27 फरवरी को जिला दंडाधिकारी द्वारा 6 माह के लिए जिलाबदर किया गया था। जिलाबदर अवधि के दौरान आरोपी को सागर सहित टीकमगढ़, दमोह, रायसेन, छतरपुर, नरसिंहपुर, विदिशा और अशोकनगर जिलों की राजस्व सीमाओं से बाहर रहने के निर्देश दिए गए थे। यूपी के ललितपुर में छोड़ा गया था आरोपी आदेश के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उत्तरप्रदेश के ललितपुर जिले की सीमा में छोड़ा था और बिना अनुमति वापस न आने की सख्त हिदायत दी थी। इसके बावजूद आरोपी आदेश का उल्लंघन कर सागर आ गया और सदर बाजार क्षेत्र में अपने घर के आसपास घूम रहा था। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

# छतरपुर में अवैध हथियार फैक्ट्री पकड़ी गई, चार गिरफ्तार

## गांव में बन रहे थे 315 बोर के कट्टे; हथियार-उपकरण जब्त




**मीडिया ऑडीटर, छतरपुर (निप्र)।** छतरपुर पुलिस ने अवैध हथियार निर्माण के खिलाफ कार्रवाई करते हुए शनिवार को कोतवाली थाना क्षेत्र के कांटी गांव में संचालित एक फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। कार्रवाई में पुलिस ने 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनके कब्जे से देशी कट्टे, अधबने हथियार और निर्माण में उपयोग होने वाले भारी मात्रा में उपकरण बरामद किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में मामले का खुलासा करते हुए बताया कि कांटी गांव के एक मकान में लंबे समय से अवैध हथियार बनाने की सूचना मिल रही थी। इस इनपुट के आधार पर पुलिस टीम गठित कर निगरानी की जा रही थी। मुखबिर की पुख्ता सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर दबिश दी और फैक्ट्री का पर्दाफाश कर दिया। कार्रवाई के दौरान पुलिस को मौके से एक 315 बोर का तैयार देशी कट्टा और एक अधबना कट्टा मिला। इसके अलावा लोहे की नाल, ट्रिगर, स्प्रिंग, पाइप सहित बड़ी संख्या में हथियार बनाने के पार्ट्स भी बरामद किए गए। फैक्ट्री में उपयोग हो रहे ग्राइंडर मशीन, ड्रिल मशीन, हथौड़ी, फाइल, आरी और अन्य औजार भी जब्त किए गए हैं।

**जिले के बाहर फैला हो सकता है नेटवर्क :** पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार आरोपियों में दो मुख्य आरोपी शामिल हैं, जो काफी समय से अवैध हथियार बनाकर सप्लाई कर रहे थे। पूछताछ के दौरान उन्होंने अपने दो अन्य साथियों के नाम उजागर किए, जिन्हें बाद में पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

एसपी अगम जैन ने बताया कि आरोपियों से पूछताछ जारी है और इस अवैध हथियार नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों के बारे में भी जानकारी जुटाई जा रही है। आशंका है कि इस गिरोह का नेटवर्क जिले के बाहर तक फैला हो सकता है।

फिलहाल पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और आरोपियों के आपराधिक रिकॉर्ड को भी खंगाला जा रहा है। पुलिस का कहना है कि जिले में अपराध पर नियंत्रण रखने के लिए इस तरह की कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।

# इटारसी में आंधी-तूफान से स्कूल के टीन शेड उड़े

## मेला गेट गिरा; शहर में बिजली सप्लाई बाधित



**मीडिया ऑडीटर,इटारसी (निप्र)।** इटारसी में शनिवार को आए तेज आंधी-तूफान और बारिश ने शहर में भारी नुकसान पहुंचाया। कई जगह पेड़, होर्डिंग और टीन शेड गिर गए, जिससे जनजीवन प्रभावित हो गया।

**स्कूल और मेला स्थल पर ज्यादा असर :** सूरजगंज स्थित पीएम श्री आवास विद्यालय (गर्ल्स स्कूल) में तेज हवाओं के कारण तीन टीन शेड उड़ गए। वहीं लाल ग्राउंड में लगे इटारसी उत्सव मेले का मुख्य गेट भी गिर गया, जिससे वहां अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

**किसानों को भी नुकसान :** आंधी-बारिश का असर किसानों पर भी पड़ा। समर्थन मूल्य केंद्रों पर रखा गेहूं भीग गया, जिससे नुकसान की आशंका है। इसी दौरान किसान कांग्रेस के नगर अध्यक्ष अखिलेश पटेल 'चुन्ना' की गेहूं से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली कृषि उपज मंडी के पास ब्रिज के आगे टायर फटने से रुक गई और अचानक बारिश में गेहूं भीग गया।

# खरगोन में बेटियों के आत्मरक्षा शिविर का आगाज

### 125 बालिकाएं शामिल एक माह चलेगा 5 मई तक कर सकेंगे आवेदन



**मीडिया ऑडीटर, खरगोन (निप्र)।** खरगोन में बेटियों के आत्मरक्षा शिविर का शनिवार को शुभारंभ हुआ। विश्वसखा कॉलोनी स्थित बगीचे परिसर में आयोजित इस शिविर में 125 किशोरी बालिकाएं शामिल हुईं। प्रशिक्षक सूरज पाल ने उन्हें कराटे की गतिविधियां समझाई और अभ्यास कराया। इस दौरान बालिकाओं ने 'जय भवानी जय शिवाजी' के जयकारे लगाए। शिविर का शुभारंभ सुबह शिक्षाविद डॉ. अशोक दीक्षित ने किया। उन्होंने बालिकाओं को सतर्कता के साथ आंतरिक मजबूती के लिए प्रेरित किया।

डॉ. दीक्षित ने कहा कि यदि पात्र उलटा होगा तो समुद्र भी उडेलने पर एक बूंद भी नहीं जा पाएगी, इसलिए प्रशिक्षण में ग्रहण करने के भाव से शामिल हों।

# खेत की फेंसिंग में फंसा मिला तेंदुए का शव


## रायसेन में शिकार की आशंका, वन विभाग ने पोस्टमार्टम करवाया



**मीडिया ऑडीटर, रायसेन (निप्र)।** रायसेन जिले के देवरी वन परिक्षेत्र के ग्राम डुंगरिया में एक तेंदुए का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिला है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, तेंदुआ खेत में लगी फेंसिंग में फंस गया था, जिससे उसकी मौत हो गई। यह घटना शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात की बताई जा रही है। शनिवार सुबह ग्रामीणों ने खेत में तेंदुए का शव देखा और तत्काल वन विभाग को सूचना दी। सूचना मिलते ही डीएफओ प्रतिभा शुक्ला के साथ वन अमला और देवरी पुलिस मौके पर पहुंची। वन विभाग ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। मौके पर जांच के दौरान तेंदुए की गर्दन में फंदा लगा हुआ मिला, जिससे शिकार की आशंका भी जताई जा रही है। हालांकि, अधिकारियों का कहना है कि मौत के सही कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही हो सकेगा। वन विभाग की टीम आसपास के क्षेत्र में शिकार गतिविधियों के सबूत जुटाने के लिए सर्चिंग अभियान चला रही है। वन विहार से आई टीम ने तेंदुए के शव का पोस्टमार्टम कराने और नियमानुसार अंतिम संस्कार की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

# सागर में चचेरे भाई के सिर में मारी कुल्हाड़ी मौत

## पुरानी जमीनी रंजिश में हुआ हमला



**मीडिया ऑडीटर,सागर (निप्र)।** सागर जिले के बरायठा थाना क्षेत्र स्थित ग्राम धवारा में बीती शनिवार रात गुटखा खाने को लेकर हुए विवाद और पुरानी जमीनी रंजिश में दो चचेरे भाइयों के परिवारों के बीच खूनी संघर्ष हो गया। इस दौरान कुल्हाड़ी और लाठी-डंडों से हुए हमले में सिर पर गहरी चोट लगने से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसकी बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज (बीएमसी) में इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा बनाया और मामला दर्ज कर हमलावरों की तलाश व जांच शुरू कर दी है। रात में हुई कहासुनी, कुल्हाड़ी और डंडों से किया हमला जानकारी के अनुसार, ग्राम धवारा निवासी खिलान पुत्र भूरे अहिरवार का अपने चचेरे भाई वीरेंद्र अहिरवार के परिवार से जमीन को लेकर पुराना विवाद चल रहा है। इस रंजिश के कारण दोनों परिवारों के बीच पहले से ही तनातनी है। बीती रात दोनों पक्षों में गुटखा खाने की बात को लेकर कहासुनी हो गई। बात इतनी बढ़ी कि मारपीट शुरू हो गई और लाठी-डंडों व कुल्हाड़ी से हमला किया गया। सिर में कुल्हाड़ी लगने से खिलान गंभीर रूप से घायल हो गया। विवाद होता देख ग्रामीणों ने बीचबचाव कर मामला शांत कराया और घायल को बीएमसी भेजा, जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। मृतक के भाई ने कहा- पहले मुझे पीटा, फिर भाई पर किया हमला मृतक के भाई बाबूलाल अहिरवार ने घटना की जानकारी देते हुए बताया, 'हम लोग खड़े थे। गुटखा खाने को लेकर विवाद किया। विवाद में पहले मेरे साथ मारपीट की गई। इसी दौरान मेरा भाई खिलान आ गया। उसके साथ लाठी-डंडों और कुल्हाड़ी से मारपीट की गई। वारदात कर वह लोग मौके से भाग गए।' घटना के बाद बाबूलाल ने पुलिस से मामले में दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

# इटारसी स्टेशन पर चलती ट्रेन से गिरे मां-बेटी

## मां का हाथ फ्रैक्चर, बेटी के सिर में आई चोट; पानी लेने उतरी थीं, चढ़ते समय संतुलन बिगड़ा



**इटारसी मीडिया ऑडीटर, (निप्र)।** इटारसी रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर-1 पर एक चलती ट्रेन में चढ़ने की कोशिश कर रही मां-बेटी गंभीर रूप से घायल हो गई। यह घटना जयपुर एक्सप्रेस (ट्रेन नंबर 17020) में रविवार सुबह हुई। पानी लेने के लिए ट्रेन से नीचे उतरी थीं हैदराबाद निवासी हबीबा बेगम (36) और उनकी बेटी फराना बेगम (18) पानी लेने के लिए ट्रेन से नीचे उतरी थीं। इसी दौरान ट्रेन का सिग्नल हो गया और वह अचानक चलने लगी। दोबारा ट्रेन में चढ़ने की कोशिश में दोनों का संतुलन बिगड़ गया और वे प्लेटफार्म व ट्रेन के बीच गिर गईं। मां का हाथ फ्रैक्चर, बेटी के सिर में चोट हादसे में मां हबीबा बेगम के हाथ में फ्रैक्चर हो गया और सिर में गंभीर चोट आई है। बेटी फराना बेगम के सिर में भी गंभीर चोटें बताई जा रही हैं। मौके पर मौजूद लोगों की सतर्कता से दोनों की जान बच गई। उन्हें तत्काल इटारसी स्टेशन पर प्राथमिक उपचार दिया गया, जिसके बाद उन्हें एक निजी अस्पताल में रेफर कर दिया गया। हैदराबाद से अजमेर दरगाह दर्शन के लिए जा रहा था परिवार घायल महिला के पति अकबर ने बताया कि वे परिवार सहित हैदराबाद से अजमेर दरगाह दर्शन के लिए जा रहे थे। उनका रिजर्वेशन स-6 कोच में 41 से 46 नंबर बर्थ पर था। उन्होंने बताया कि ट्रेन रुकते ही मां-बेटी पानी लेने उतरी थीं, और ट्रेन अचानक चलने लगी। मां प्लेटफार्म और पटरी के बीच गिरी घबराहट में चढ़ने की कोशिश करते समय मां प्लेटफार्म और पटरी के बीच गिर गई, जबकि बेटी प्लेटफार्म पर गिरी, जिससे उसके सिर में चोट लगी। घटना के बाद तुरंत ही ट्रेन को रोका गया। प्रधान आरक्षक सचिन मलिक, राजेश यादव और आरक्षक हर प्रताप सिंह परमार ने यात्रियों व सफाई कर्मियों के सहयोग से घायल महिला को ट्रेन के नीचे से बाहर निकाला।

# रायसेन में आंधी-बारिश से किसानों को नुकसान

## आम की फसलें झड़ीं, हजारों क्विंटल अनाज भीगा



**मीडिया ऑडीटर, रायसेन (निप्र)।** रायसेन जिले में शनिवार दोपहर से शुरू हुई तेज आंधी, तूफान और बारिश ने जनजीवन को प्रभावित किया। पिछले दो दिनों से बदल रहे मौसम के कारण हालात बिगड़ गए। आंधी-बारिश का दौर देर शाम तक जारी रहा। तेज हवाओं के चलते आम के पेड़ों से कच्चे फल (कैरी) बड़ी संख्या में गिर गए, जिससे किसानों को नुकसान हुआ। कई बगीचों में समय से पहले ही फसल खराब हो गई। वहीं, खरीदी केंद्रों के बाहर खुले में रखा हजारों क्विंटल अनाज भी बारिश में भीग गया। पेड़ और बिजली के खंभे गिरे आंधी-तूफान के कारण जिले के कई इलाकों में पेड़ और बिजली के खंभे गिर गए। नकतरा गांव में सड़क के बीच पेड़ गिरने से कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित रहा। कई घरों के छप्पर और टिन शेड भी उड़ गए, जिससे लोगों को परेशानी हुई। भीषण गर्मी के बाद बदला मौसम रायसेन में दिन का तापमान 44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था, जबकि न्यूनतम तापमान 29 डिग्री दर्ज किया गया। तेज गर्मी के बीच आए इस बदलाव से लोगों को कुछ राहत मिली, लेकिन किसानों के लिए यह नुकसानदायक साबित हुआ। देवनगर क्षेत्र में ज्यादा असर देवनगर क्षेत्र के सब्दलपुर, तरावली और धनियाखेड़ी गांवों में करीब एक घंटे तक तेज आंधी और बारिश हुई। यहां आम की फसल झड़ गई और खुले में रखा गेहूं भीग गया, जिससे स्थानीय किसानों को नुकसान हुआ। मौसम विभाग ने आज भी गरज-चमक के साथ बारिश होने की संभावना जताई है, जिससे किसानों की चिंता बनी हुई है।

# सीहोर में 44 डिग्री गर्मी के बाद आंधी और बारिश

## ग्रामीण इलाकों में भी रिमझिम बारिश



**मीडिया ऑडीटर,सीहोर (निप्र)।** सीहोर जिले में मंगलवार को मौसम ने अचानक करवट ले ली। दोपहर तक जहां भीषण गर्मी और लू का प्रकोप था, वहीं महज 15 मिनट के भीतर तेज आंधी और रिमझिम बारिश ने लोगों को राहत दे दी। इस बदलाव के साथ तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। दोपहर करीब 3 बजे तक जिले में अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। तेज धूप और लू के चलते सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा और लोग घरों में दुबकने को मजबूर दिखे। अचानक छाए काले बादल, चली धूल भरी आंधी करीब सवा तीन बजे के आसपास मौसम ने अचानक करवट ली और आसमान में काले बादल छा गए। इसके बाद तेज धूलभरी आंधी शुरू हो गई। हवा की रफ्तार इतनी तेज थी कि कई जगह पेड़ों की टहनियां टूट गई और दृश्यता भी काफी कम हो गई। आंधी के बाद जिले के कुछ ग्रामीण इलाकों में रिमझिम बारिश शुरू हो गई।

इस बदलाव से भीषण गर्मी से जूझ रहे लोगों ने राहत की सांस ली और शाम का मौसम सुहावना हो गया। मौसम विभाग के अनुसार, यह बदलाव स्थानीय मौसमीय सिस्टम के सक्रिय होने के कारण हुआ है। विभाग ने अनुमान जताया है कि शाम के समय तेज ठंडी हवाएं चलने से मौसम फिलहाल सुहावना बना रह सकता है।

# प्रीति जिंटा का अटूट भरोसा ने बदली केएल राहुल की किस्मत?

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** एक अटूट विश्वास पंजाब किंग्स की सह-मालिक प्रीति जिंटा ने साल 2018 में युवा बल्लेबाज केएल राहुल पर दिखाया था, जिसने उनके आईपीएल करियर को पूरी तरह से नया मोड़ दे दिया। उसके बाद उन्होंने पीछे मुडकर नहीं देखा। एक समय 'टेस्ट स्पेशलिस्ट' का टैग झेल रहे राहुल के लिए यह दांव किसी संजीवनी से कम नहीं था। केएल राहुल का आईपीएल सफर 2013 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के साथ 10 लाख रुपये में शुरू हुआ था। इसके बाद वह सनराइजर्स हैदराबाद और फिर से आरसीबी के लिए खेले, लेकिन शुरुआती चार सीजन (2013-2016) में उनका प्रदर्शन उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा और वह 200 रन का आंकड़ा भी मुश्किल से छू पाते थे। साल 2017 में कंधे की गंभीर चोट ने उन्हें पूरे आईपीएल सीजन से बाहर कर दिया, जिससे लगने लगा कि उनका आईपीएल करियर अब

### केएल राहुल का करियर 'टेस्ट स्पेशलिस्ट' से वनडे स्पेशलिस्ट' तक



शानदार तकनीक और शतकों ने उन्हें 'टेस्ट स्पेशलिस्ट' का टैग दिया था, जबकि टी20 में वह अपनी छाप छोड़ने में नाकामयाब रहे थे। लेकिन यहीं पर प्रीति इलेवन पंजाब) ने राहुल के जीवन में एक फरिश्ता बनकर एंट्री ली। 2018 की नीलामी में, पंजाब ने इस 'टेस्ट स्पेशलिस्ट' पर 11 करोड़ रुपये का बड़ा दांव खेला। इस फैसले को लेकर क्रिकेट गलियारों में काफी आलोचना हुई, लोगों ने प्रीति जिंटा को टी20 बल्लेबाज पर इतनी बड़ी रकम खर्च करने के लिए ट्रोल किया। हालांकि, टूर्नामेंट शुरू होते ही सारी आलोचनाएं थम गईं। आर अश्विन की कप्तानी में पंजाब किंग्स के लिए अपने पहले ही मैच में केएल राहुल ने सिर्फ 14 गेंदों पर अर्धशतक जड़कर आलोचकों का मुंह बंद कर दिया। यह आईपीएल इतिहास का उस समय का सबसे तेज अर्धशतक था, जिसने सुनील नरेन और यूसुफ पठान के 15-15 गेंदों के रिकॉर्ड को तोड़ दिया। यह पारी राहुल के करियर का टर्निंग पॉइंट साबित हुई। आईपीएल 2018 राहुल के लिए करियर-बदलने वाला सीजन रहा, जहां उन्होंने 14 मैचों में 54.91 की शानदार औसत से 659 रन बनाए। इसके बाद उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। वह बाद में पंजाब किंग्स और फिर लखनऊ सुपर जाएंट्स के कप्तान भी बने। 2018 से 2025 के बीच, चोट के कारण बीच सीजन से बाहर होने वाले 2023 को छोड़कर, उन्होंने हर बार 500 से अधिक रन बनाए हैं। हाल के सीज़न में उन्होंने अपने स्ट्राइक रेट पर भी काम किया है, जो 2025 में 149.72 और 2026 के मौजूदा सीज़न में 185.84 तक पहुंच गया है। केएल राहुल का यह प्रदर्शन प्रीति जिंटा के भरोसे का ही नतीजा है। 2018 से लेकर अब तक, राहुल ने 17 बार 'प्लेयर ऑफ द मैच' का खिताब जीता है, जो पिछले 9 सालों में किसी भी अन्य खिलाड़ी से अधिक है। जोस बटलर और शुभमन गिल 13-13 अवॉर्ड के साथ दूसरे स्थान पर हैं, जबकि विराट कोहली 9 अवॉर्ड के साथ चौथे पायदान पर हैं। यह आंकड़े राहुल के टी20 क्रिकेट में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में स्थापित होने की कहानी कहते हैं, जिसकी शुरुआत एक अटूट विश्वास से हुई थी।

## सीन एबॉट ने बयां किया फिलिप ह्यूज़ की मौत का दर्द



**नई दिल्ली ,एजेंसी।** सीन एबॉट अपने दोस्त फिलिप ह्यूज़ की दर्दनाक मौत को याद कर एक बार फिर भावुक हो गए। यह घटना कई बार उन्हें भावुक कर देती हैं। क्रिकेट इतिहास के सबसे डरावने और रूह कंपा देने वाले पलों में ऑस्ट्रेलिया के उभरते स्टार फिलिप ह्यूज़ की दर्दनाक मौत को हमेशा याद किया जाता है, जो 25 नवंबर 2014 को सीन एबॉट के एक बाउंसर के कारण हुई थी। सिडनी में एक घरेलू मैच के दौरान यह घातक घटना घटी, जब एबॉट की गेंद ह्यूज़ की गर्दन के पास लगी, जिससे उनकी धमनी को चोट पहुंची और दो दिन बाद सेंट विंसेंट अस्पताल में उनकी मृत्यु हो गई। इस त्रासदी ने दुनिया भर के खेल प्रेमियों को झकझोर कर रख दिया था। इस घटना का सबसे गहरा असर गेंदबाज़ सीन एबॉट पर पड़ा था। वे कई महीनों तक ह्यूज़ की मौत के सदमे में रहे, और उस पल की यादें उनके मन में गहराई तक बस गईं। एबॉट ने उस भयानक पल को याद करते हुए लिखा था कि उन्हें लगा था कि फिलिप ने शॉट खेलने में थोड़ी जल्दी कर दी थी। उन्होंने कहा, मुझे लगता है फिलिप ने शॉट खेलने में थोड़ी जल्दी कर दी थी। अगर बल्लेबाज़ शॉट में जल्दी करता है तो लगता है कि गेंद उतनी तेज़ नहीं थी जितनी उसने सोची थी। मुझे याद नहीं कि गेंद तेज़ थी या धीमी। शायद उस दिन पिच थोड़ी धीमी थी। एससीजी की पिच ऐसी ही होती है। एबॉट ने अपने दर्द को व्यक्त करते हुए बताया कि उन्होंने उस दिन क्या महसूस किया- जब फिलिप को गेंद लगी, मैंने देखा कि वे लड़खड़ाने लगे और मैं पिच के दूसरे छोर पर दौड़ा। अपने बाएं हाथ से उनके सिर के दाहिने हिस्से को पकड़ा। मैं मैदान पर तब तक रहा जब तक फिलिप को मेडिकैब पर नहीं ले जाया गया और फिर चेंज रूम में लौट आया। चेंज रूम में पहुँचकर मैं बहुत उलझन और दुखी महसूस कर रहा था, सिर में दर्द था। लोग मेरे पास आ रहे थे लेकिन मुझे याद नहीं कि उन्होंने क्या कहा। सब कुछ धुंधला सा लग रहा था। बहुत थका हुआ महसूस कर रहा था। ये भावनाएँ अगले कुछ दिनों तक मेरे साथ रहीं।

## रुतुराज ने कार्तिक, कंबोज और नूर की जमकर प्रशंसा की




**चेन्नई ,एजेंसी।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के कप्तान रुतुराज गायकवाड़ ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ आईपीएल मुकाबले में जीत पर खुशी जतायी है। रुतुराज में मैच में अच्छे प्रदर्शन के लिए युवा कार्तिक शर्मा की जमकर प्रशंसा की है। रुतुराज ने कहा कि कार्तिक लंबे छक्के लगाने वाला खिलाड़ी है। इससे अलावा उन्होंने तेज गेंदबाज अंशुल कम्बोज और स्पिनर नर अहमद की कसी हुई गेंदबाजी की भी प्रशंसा की है। अंशुल ने 3 जबकि नूर ने 2 विकेट लेकर अपनी टीम की जीत में प्रमुख भूमिका निभाई। इस मैच में जीत के साथ ही सीएसके की प्लेऑफ के लिए संभावनाएं बढ़ी हैं।

इस मैच में सीएसके के गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मुंबई को 159 रनों पर ही रोक दिया। सीएसके ने कप्तान रुतुराज और कार्तिक के अर्धशतकों की सहायता से 11 गेंदें शेष रहते ही लक्ष्य हासिल कर लिया। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए मुंबई इंडियंस ने 159 रन बनाये। सीएसके की ओर से कम्बोज ने तीन विकेट जबकि नूर ने दो विकेट लिए। इन गेंदबाजों के अच्छे प्रदर्शन से मुंबई की टीम बड़ा स्कोर नहीं बना पायी। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए सीएसके की टीम शुरुआत अच्छी नहीं रही।

## थॉमस और उबर कप लक्ष्य सेन की कोहनी में चोट, नहीं खेलेंगे सेमीफाइनल मैच

**होरसेंस,एजेंसी।** थॉमस और उबर कप फाइनल्स 2026 में मेंस सिंगल्स खिलाड़ी लक्ष्य सेन, शनिवार को फ्रांस के खिलाफ सेमीफाइनल मुकाबले में हिस्सा नहीं लेंगे। उन्हें क्वार्टरफाइनल मैच के दौरान जमीन पर बार-बार डाइव लगाने के कारण कोहनी में चोट लग गई थी। टीम के मेडिकल स्टाफ ने जांच-पड़ताल के बाद एहतियातन लक्ष्य को सेमीफाइनल मुकाबला न खेलने की सलाह दी है, ताकि लक्ष्य को ठीक होने के लिए पर्याप्त समय मिल सके। अगर भारत फाइनल में पहुंचता है, तो वह पूरी तरह से फिट हों। वर्ल्ड नंबर 6 खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने क्वार्टरफाइनल में भारत को जीत की शुरुआत दिलाई। उन्होंने दूसरे गेम में दो मैच प्वाइंट्स बचाते हुए, चाऊ टिएन चेन को 18-21, 22-20, 21-17 से शिकस्त दी। यह मैच 1 घंटे 28 मिनट तक चला। सेन और चाऊ के बीच यह शुरुआती मैच काफी उतार-चढ़ाव भरा रहा। इस मैच से पहले दोनों का हेड-टू-हेड रिकॉर्ड 4-4 की बराबरी पर था।




दोनों खिलाड़ियों ने पहले दो गेम में काफी पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए मैच को तीसरे और निर्णायक गेम तक पहुंचाया। जहां चाऊ ने पहले गेम में 10-15 से पिछड़ने के बाद वापसी की, वहीं सेन दूसरे गेम में 14-17 से पीछे चल रहे थे, लेकिन उन्होंने दो मैच प्वाइंट बचाते हुए वापसी की। दो बार के ऑल इंग्लैंड फाइनलिस्ट सेन ने तीसरे गेम में अपने जोरदार आकामक खेल की बदौलत बढ़त बनाए रखी और भारत को पहला प्वाइंट दिलाया।

इसके बाद, पूर्व एशियन चैंपियन सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने निर्णायक मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए भारत की बढ़त को 2-0 कर दिया। पूरे ग्रुप स्टेज में अजेय रहने वाले आयुष शेट्टी ने मौजूदा ऑल इंग्लैंड चैंपियन लिन चुन-यी को 21-16, 21-17 से शिकस्त दी। यह मुकाबला करीब 48 मिनट तक चला।

## बिना इंटरनेशनल डेब्यू नंदिनी शर्मा को मिला वर्ल्ड कप का टिकट, काश्वी गौतम बाहर

**स्पोर्ट्स डेस्क, एजेंसी।** चंडीगढ़ यूटी क्रिकेट एसोसिएशन (यूटीसीए) की महिला तेज गेंदबाज नंदिनी शर्मा का चयन वर्ष 2026 में इंग्लैंड में आयोजित होने वाले आईसीसी महिला टी 20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम में किया गया है। 24 वर्षीय नंदिनी के चयन की खास बात यह है कि उन्होंने अब तक भारत के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू नहीं किया है, फिर भी चयनकर्ताओं ने उन पर बड़ा भरोसा जताते हुए सीधे विश्व कप टीम में शामिल किया है।

नंदिनी शर्मा को यह मौका हाल ही में संपन्न हुई विमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2026 में उनके शानदार प्रदर्शन के दम पर मिला है। दिल्ली कैपिटल्स की ओर से अपने डेब्यू सीजन में खेलते हुए नंदिनी ने 17 विकेट झटके और टूर्नामेंट में संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली गेंदबाजों में शामिल रहीं। इस दौरान उन्होंने एक हैट्रिक लेकर भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया और चयनकर्ताओं का ध्यान अपनी ओर खींचा।

जहां नंदिनी शर्मा के लिए यह उपलब्धि गर्व का क्षण है, वहीं दूसरी ओर डब्ल्यूपीएल में प्रभावशाली प्रदर्शन करने वाली तेज गेंदबाज काश्वी गौतम को इस बार टीम में जगह नहीं मिल पाई है। काश्वी भारत के लिए तीनों फॉर्मेट में



अंतरराष्ट्रीय डेब्यू कर चुकी हैं, लेकिन इसके बावजूद चयनकर्ताओं ने इस बार उन्हें नजरअंदाज किया।

नंदिनी का चयन यह दर्शाता है कि घरेलू और लीग क्रिकेट में निरंतर अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को अब सीधे बड़े मंच पर मौका दिया जा रहा है। अब सभी की नजरें इस बात पर टिकी होंगी कि बिना अंतरराष्ट्रीय अनुभव के नंदिनी शर्मा विश्व कप जैसे बड़े टूर्नामेंट में अपने प्रदर्शन से टीम के भरोसे पर कितना खरा उतर पाती हैं।

## पूर्व एफ1 ड्राइवर और पैरालंपिक चैंपियन जनार्डी का 59 साल की उम्र में निधन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एलेक्स जनार्डी का शनिवार को 59 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उनके परिवार ने एक बयान जारी करते हुए इसकी पुष्टि की। परिवार के अनुसार, पूर्व चैंपियन ने अपने परिवार और करीबी दोस्तों के बीच शांतिपूर्वक अंतिम सांस ली। जनार्डी अपने शानदार कमबैक के लिए दुनियाभर में जाने जाते थे। साल 2001 में एक रेसिंग दुर्घटना में उन्होंने अपने दोनों पैर गंवा दिए थे, जिससे उनका मोटर रेसिंग करियर समाप्त हो गया। हालांकि, जनार्डी ने हार नहीं मानी और पैरा साइकिलिंग में पहचान बनाई। इटली का प्रतिनिधित्व करते हुए उन्होंने पैरालंपिक गेम्स 2012 और 2016 में हिस्सा लिया, जहां उन्होंने 4 गोल्ड और 2 सिल्वर मेडल जीते। जनार्डी के परिवार ने घोषणा की, बड़े दुख के साथ



परिवार एलेसेंड्रो जनार्डी के निधन की घोषणा करता है, जो कल शाम, 1 मई को हुआ। एलेक्स का निधन शांतिपूर्वक हुआ, उस समय उनके आस-पास उनका परिवार और दोस्त मौजूद थे। परिवार उन सभी लोगों का तहे दिल से शुकिया अदा करना चाहता है, जो इस समय अपना समर्थन दिखा रहे हैं, और अनुरोध करता है कि शोक की इस अवधि के दौरान उनके दुख और निजता का सम्मान किया जाए।

फॉर्मूला 1 के अध्यक्ष और सीईओ स्टेफानो डोमेनिकाली ने एक बयान में कहा, मेरे प्यारे दोस्त एलेक्स जनार्डी के निधन से मुझे गहरा दुख हुआ है। वे एक इंसान और एक एथलीट के तौर पर सचमुच एक प्रेरणादायी व्यक्ति थे। मैं हमेशा उनकी असाधारण हिम्मत को याद रखूंगा। उन्होंने ऐसी चुनौतियों का सामना किया जो किसी को भी रोक सकती थीं, फिर भी वे हमेशा आगे देखते रहे, हमेशा मुस्कान के साथ और एक पक्के इरादे के साथ जिसने हम सभी को प्रेरित किया। हालांकि, उनके जाने का दुख बहुत गहरा है, लेकिन उनकी विरासत हमेशा कायम रहेगी। इस समय, मेरी संवेदनाएं और सहानुभूति उनकी पत्नी डेनिएला, उनके बेटे निकोलो, परिवार के बाकी सदस्यों और उन सभी लोगों के साथ है, जिन्हें उन्हें जानने का सौभाग्य मिला। यह इटैलियन खिलाड़ी मोटरस्पोर्ट के सबसे लोकप्रिय चेहरों में से एक था, जिसने 1990 के दशक में जॉर्डन, मिनार्डी, लोटस और विलियम्स के साथ 41 ग्रांप्री में फॉर्मूला 1 में हिस्सा लिया। जनार्डी का सबसे बेहतरीन दौर 1993 और 1994 में लोटस के साथ रहा, जब उन्होंने ब्राजील में अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ छठा स्थान हासिल किया। इस रेसिंग आइकन को 2020 में इटली में एक सड़क दुर्घटना में गंभीर चोटें आईं, जब वे उत्तरी इटली के सिएना में अपनी हैंड बाइक चला रहे थे।

## विमेंस टी20 वर्ल्ड कप: भारतीय टीम में यास्तिका-राधा की वापसी, अनकैप्ड नंदिनी को मौका

**मुंबई ,एजेंसी।** भारत ने शनिवार को विमेंस टी20 वर्ल्ड कप 2026 के लिए अपनी टीम घोषित कर दी है। यास्तिका भाटिया और राधा यादव की भारतीय टीम में वापसी हुई है, जबकि अनकैप्ड तेज गेंदबाज नंदिनी शर्मा को टीम में शामिल किया गया है। बीसीसीआई मुख्यालय में शनिवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान टीम की घोषित की गई, जिसमें कप्तान हरमनप्रीत कौर, मुख्य चयनकर्ता अमिता शर्मा और सचिव देवजीत सैकिया ने मीडिया को संबोधित किया। चयन समिति ने दिन की शुरुआत में बोर्ड मुख्यालय में बैठक की, जिसमें हरमनप्रीत और मुख्य कोच अमोल मजूमदार भी मौजूद थे। इस बैठक के बाद 15 सदस्यीय टीम को अंतिम रूप दिया गया। यही टीम 28 मई से 2 जून तक इंग्लैंड के खिलाफ तीन टी20 मुकाबले भी खेलेगी।

राधा की वापसी पिछले साल इंग्लैंड में टी20 सीरीज जीतने में उनके शानदार प्रदर्शन के बाद हुई है। इस साल भी उनका ऑलराउंडर प्रदर्शन अच्छा रहा है। वहीं, घुटने की सर्जरी से



उबरने के बाद यास्तिका ने टीम में वापसी की है। यास्तिका को विशाखापत्तनम में टूर्नामेंट से पहले कैंप के दौरान चोट लगी थी, जिसके कारण वह विमेंस वनडे वर्ल्ड कप 2025 नहीं खेल सकीं। नंदिनी विमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2026 की उभरती हुई स्टार में से एक रही थीं, जो इस टूर्नामेंट में हैट्रिक लेने वाली पहली भारतीय हैं। आईसीसी विमेंस टी20 वर्ल्ड कप 2026 में भारत को ग्रुप 1 में रखा गया है, जिसमें छह बार की चैंपियन ऑस्ट्रेलिया, साउथ अफ्रीका, पाकिस्तान, बांग्लादेश और नीदरलैंड्स भी शामिल हैं। इस ग्रुप में भारत ऐसा पहला देश है, जिसने 12 जून से 5 जुलाई तक चलने वाले इस बड़े टूर्नामेंट के लिए अपनी टीम की घोषणा की है।

हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में भारतीय टीम 14 जून को बर्मिंघम में पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले के साथ अपना अभियान शुरू करेगी। इसके बाद नीदरलैंड्स (17 जून, लीड्स), साउथ अफ्रीका (21 जून, मैनचेस्टर), बांग्लादेश (25 जून, मैनचेस्टर) और ऑस्ट्रेलिया (28 जून, लॉर्ड्स) का सामना करेगी।

भारत ने अभी तक सबसे छोटे फॉर्मेट में कोई भी ग्लोबल टाइटल नहीं जीता है। टीम इंडिया विमेंस टी20 वर्ल्ड कप 2020 में उपविजेता रही थी। विमेंस वनडे वर्ल्ड कप 2025 का खिताब जीतने के बाद भारतीय टीम टी20 फॉर्मेट में भी खिताबी सूखे को खत्म करना चाहेगी।

### भारतीय टीम

हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उप-कप्तान), शेफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिगेज, भारती फुलमाली, दीप्ति शर्मा, ऋचा घोष (विकेटकीपर), श्री चरणी, यस्तिका भाटिया (विकेटकीपर), नंदिनी शर्मा, अरुंधति रेड्डी, रेणुका सिंह ठाकुर, कांति गौड़, श्रेयंका पाटिल और राधा यादव।

## जीत के साथ शुरुआत करना हमेशा अच्छा होता है मिचेल स्टार्क

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने शुकवार को आईपीएल 2026 का अपना पहला मैच खेला। स्टार्क ने राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के खिलाफ खेलते हुए शानदार गेंदबाजी की और अपनी टीम दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) को जीत दिलाने में अहम योगदान दिया। इंजरी की वजह से डीसी के लिए सीजन के शुरुआती 8 मैच नहीं खेल सके स्टार्क ने आरआर के खिलाफ शानदार गेंदबाजी की और 4 ओवर में 40 रन देकर 3 विकेट लिए। मैच के बाद स्टार्क ने आईपीएल द्वारा साझा एक वीडियो में कहा, जीत के साथ शुरुआत करना हमेशा अच्छा होता है। टीम में वापस आकर अच्छा लगा। एक सप्ताह से ग्रुप का हिस्सा हूं, इस दौरान ट्रेनिंग करना अच्छा लगा। स्टार्क ने कहा, लगभग तीन महीने में यह पहली बार है जब मैंने किसी बल्लेबाज को गेंदबाजी की है। मैं इतना लंबा खेल चुका हूं कि मुझे पता है कि तैयार होने के लिए मुझे क्या करना है। शायद गेम की गति पकड़ने में थोड़ा समय लगा। मैंने कुछ समय से व्हाइट-बॉल क्रिकेट नहीं खेला है। यह टेस्ट क्रिकेट से थोड़ा तेज है। जीत हासिल करना अहम था। निजी तौर पर पैरों पर कुछ मील दौड़कर अच्छा लगा।



राजस्थान के खिलाफ शुरुआती विकेट की अहमियत पर उन्होंने कहा, हां, हम जानते हैं कि राजस्थान एक ऐसी टीम है जिसने कुछ बड़ी ओपनिंग साझेदारी की हैं। दोनों ओपनर ने कई गेम में उनके लिए बहुत अच्छा खेला है, इसलिए हमारे लिए, मुझे लगता है कि किसी भी गेम के पावरप्ले विकेट जरूरी हैं, लेकिन निश्चित रूप से राजस्थान के खिलाफ, अगर हम पावर प्ले में मिडिल ऑर्डर में आ जाते हैं, तो इसका मतलब है कि हम उनसे थोड़ा ज्यादा अपनी शर्तों पर गेम को आगे बढ़ा रहे हैं, इसलिए दो शुरुआती ब्रेकथ्रू मिलना बहुत मददगार रहा। बीच में कुछ साझेदारियां हुईं, लेकिन हां, मुझे लगता है कि हमारे बल्लेबाजों ने अच्छी तरह लक्ष्य का पीछा किया।

स्टार्क ने सलामी बल्लेबाजों केएल राहुल और पाथुम निसांका की प्रशंसा करते हुए लक्ष्य को हासिल करने में उनके योगदान को सराहा।

अगले मैचों पर बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने कहा, हम एक बार में एक मैच पर ध्यान देंगे। हमारा फोकस अब अगले मैच पर है।

मैच की बात करें तो डीसी ने आरआर के दिए 226 रन के लक्ष्य को 19.1 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया था।

# महापौर ने किया श्री नारायण मुक्तिधाम का अवलोकन, कायाकल्प की तैयारी तेज

## नवनिर्माण, विस्तार और जीर्णोद्धार कार्यों को मिली स्वीकृति, जनसहयोग से बदलेगा स्वरूप





**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** शहर के रीवा रोड स्थित श्री नारायण मुक्तिधाम के व्यापक विकास और कायाकल्प की दिशा में महत्वपूर्ण पहल शुरू हो गई है समाजसेवी संस्था सिन्धु विकास समिति द्वारा संत समाज के सानिध्य में जनसहयोग से मुक्तिधाम के नवनिर्माण विस्तार एवं जीर्णोद्धार का कार्य कराया जा रहा है इसी क्रम में 2 मई, शनिवार को महापौर योगेश ताम्रकार ने स्थल का निरीक्षण कर चल रहे कार्यों का अवलोकन किया निरीक्षण के दौरान महापौर ने मुक्तिधाम परिसर की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और आवश्यक सुविधाओं के विस्तार के लिए सकारात्मक रुख दिखाया इस अवसर पर संस्था के संरक्षक मनोहर डिगवानी अध्यक्ष विनोद गेलानी एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे सभी ने मिलकर मुक्तिधाम के वर्तमान स्वरूप और प्रस्तावित विकास कार्यों पर चर्चा की संस्था के महामंत्री घनश्याम मंघरानी ने जानकारी देते हुए बताया कि हाल ही में महापौर से सौजन्य भेंट कर मुक्तिधाम में आवश्यक निर्माण कार्यों की मांग की गई थी। इसमें दोनों मुखाग्नि स्थलों के रिनोवेशन खाली पड़ी भूमि पर पेवर ब्लॉक लगाने पार्किंग क्षेत्र में शेड निर्माण बेहतर प्रकाश व्यवस्था और अन्य आधारभूत सुविधाओं के विकास की बात रखी गई थी। महापौर ने इन मांगों को गंभीरता से लेते हुए स्थल निरीक्षण के बाद आवश्यक कार्यों को स्वीकृति प्रदान कर दी है उन्होंने आश्वासन दिया कि मुक्तिधाम को स्वच्छ, सुव्यवस्थित और सुविधायुक्त बनाने के लिए प्राथमिकता के आधार पर कार्य कराए जाएंगे। यह पहल न केवल अंतिम संस्कार स्थलों की गरिमा बढ़ाएगी बल्कि आम नागरिकों को भी बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराएगी इस अवसर पर कार्यकारिणी सदस्य पंकज आहूजा बंसी नागदेव सहित अन्य सदस्यगण भी मौजूद रहे। सभी ने मुक्तिधाम के कायाकल्प के लिए सामूहिक प्रयासों की सराहना की और जनसहयोग को आगे भी जारी रखने का संकल्प लिया मुक्तिधाम के विकास से शहर की सामाजिक और सांस्कृतिक व्यवस्था को मजबूती मिलेगी तथा यह स्थान अधिक व्यवस्थित और सम्मानजनक रूप में विकसित हो सकेगा।

## 7 केंद्रों पर 2027 परीक्षार्थियों ने दी नीट परीक्षा: दिव्यांगों को अतिरिक्त समय मिला



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (NTA) द्वारा रविवार को मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी आयोजित की गई जिले के 7 परीक्षा केंद्रों पर कुल 2027 पंजीकृत परीक्षार्थी शामिल हुए परीक्षा दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक चली परीक्षा शहर के प्रमुख संस्थानों जैसे शासकीय कन्या महाविद्यालय शासकीय एक्सीलेंस स्कूल व्यंकट-1 पीएमश्री एक्सीलेंस महाविद्यालय गहरा नालाशासकीय व्यंकट क्रमांक-2 शासकीय एमएलबी स्कूल और केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक-1 में आयोजित की गई। दिव्यांग विद्यार्थियों को नियमानुसार एक घंटे का अतिरिक्त समय प्रदान किया गया।परीक्षा केंद्रों पर सुबह 11 बजे से ही परीक्षार्थियों का पहुंचना शुरू हो गया था। दोपहर 1:30 बजे तक परीक्षा कक्ष में प्रवेश से पहले अभ्यर्थियों की तीन चरणों में गहन जांच की गई पहले पुलिस द्वारा मेटल डिटेक्टर से तलाशी ली गई जिसके बाद एनटीए टीम ने बायोमेट्रिक सत्यापन किया भीड़भाड़ से बचने के लिए प्रत्येक 45 विद्यार्थियों पर एक बायोमेट्रिक मशीन लगाई गई थी सुरक्षा व्यवस्था के तहत सभी केंद्रों पर 160 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे किसी भी प्रकार की इलेक्ट्रॉनिक गड़बड़ी को रोकने के लिए प्रत्येक केंद्र पर जैमर भी लगाए गए थे मोबाइल फोन स्मार्ट वॉच सहित सभी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण पूरी तरह प्रतिबंधित थे इसके अतिरिक्त सभी केंद्रों पर कार्यपालिक दंडाधिकारी नियुक्त किए गए थे ताकि व्यवस्था बनी रहे।

# सुदर्शन एकेडमी का समर कैंप 2026 शुरू, उत्साह और उमंग के साथ हुआ भव्य उद्घाटन

## रचनात्मक, शैक्षणिक व मनोरंजक गतिविधियों से बच्चों के सर्वांगीण विकास पर जोर





**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** शहर की सुदर्शन एकेडमी में समर कैंप 2026 का शुभारंभ उत्साह और गरिमा के साथ किया गया बच्चों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए आयोजित इस कैंप में रचनात्मक शैक्षणिक और मनोरंजक गतिविधियों का समावेश किया गया है जिससे विद्यार्थियों को सीखने के साथ-साथ अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर मिलेगा उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में क्रांति राजौरिया (जिला समन्वयक एनएसएस) संदीप पांडेय (जिला अध्यक्ष प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन) एवं समाजसेवी अर्चना कुशवाहा उपस्थित रहीं। सभी अतिथियों ने रिबन काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों और अभिभावकों में विशेष उत्साह देखा गया कार्यक्रम के संचालक राजकुमार कुशवाहा ने अपने संबोधन में कहा कि समर कैंप बच्चों के लिए सीखने और व्यक्तित्व विकास का एक सशक्त मंच है यहां वे विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से अपनी रचनात्मकता को विकसित करते हैं और अनुशासन के साथ आगे बढ़ना सीखते हैं। उन्होंने बताया कि कैंप में कला खेल संगीत नृत्य और व्यक्तित्व विकास से जुड़ी गतिविधियां आयोजित की जाएंगी मुख्य अतिथियों ने अपने उद्बोधन में कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों के आत्मविश्वास को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं यह उन्हें नई दिशा देने के साथ-साथ रचनात्मक सोच विकसित करने में भी सहायक होते हैं उन्होंने विद्यार्थियों को पूरे उत्साह के साथ कैंप में भाग लेने और इस अवसर का अधिकतम लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया इस अवसर पर संस्था के संचालक राजकुमार कुशवाहा, सुनीता कुशवाहा एवं सीईओ अंशुल कुशवाहा सहित विद्यालय के शिक्षकगण भी उपस्थित रहे। शिक्षकों के सक्रिय सहयोग से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ आयोजकों ने विश्वास जताया कि यह समर कैंप बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगा।

## बिजली-पेट्रोल महंगाई व स्मार्ट मीटर पर बढ़ा जनआक्रोश सुधार नहीं हुआ तो होगा बड़ा आंदोलन : विकास त्रिपाठी



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** प्रदेश में लगातार बढ़ती बिजली दरों, पेट्रोल-डीजल की कीमतों और स्मार्ट मीटर व्यवस्था को लेकर आम जनता में नाराजगी तेज होती जा रही है। बढ़ती महंगाई के बीच घरेलू बजट बिगड़ने से लोगों की परेशानियां बढ़ गई हैं। इसी मुद्दे को लेकर जनपद उपाध्यक्ष विकास त्रिपाठी ने सरकार और विद्युत विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए हैं उन्होंने कहा कि एक महीने के भीतर बिजली दरों में दूसरी बार बढ़ोतरी और ईंधन कीमतों में इजाफा सीधे तौर पर आम उपभोक्ताओं पर आर्थिक बोझ डाल रहा है। अप्रैल में टैरिफ वृद्धि के बाद मई से अतिरिक्त सरचार्ज लागू होने से बिजली बिल और अधिक बढ़ गए हैं। गर्मी के मौसम में बढ़ती खपत के बीच यह बढ़ोतरी लोगों के लिए मुश्किलें खड़ी कर रही है विकास त्रिपाठी ने कहा कि किसान, मजदूर, छोटे व्यापारी और मध्यम वर्ग पहले से ही महंगाई की मार झेल रहे हैं। पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़ने से परिवहन लागत में वृद्धि हो रही है जिसका असर रोजमर्रा की वस्तुओं की कीमतों पर साफ दिखाई दे रहा है इससे आम परिवारों का मासिक बजट लगातार बिगड़ता जा रहा है स्मार्ट मीटर व्यवस्था पर भी उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि कई क्षेत्रों में उपभोक्ताओं की सहमति के बिना मीटर लगाए जा रहे हैं साथ ही मीटर लगने के बाद बिलों में अप्रत्याशित बढ़ोतरी की शिकायतें सामने आ रही हैं, जिससे लोगों में असंतोष बढ़ रहा है उन्होंने विद्युत विभाग के कुछ अधिकारियों पर भ्रष्टाचार और लापरवाही के आरोप भी लगाए। उनका कहना है कि उपभोक्ताओं की शिकायतों का समय पर समाधान नहीं हो रहा, जिससे विभाग के प्रति अविश्वास बढ़ रहा है विकास त्रिपाठी ने मांग की कि बिजली दरों और स्मार्ट मीटर व्यवस्था की निष्पक्ष जांच कर उपभोक्ताओं को राहत दी जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द सुधार नहीं हुआ तो आम जनता के साथ मिलकर बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

## मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार (नवाचार) 2026 के लिए आवेदन आमंत्रित 15 जुलाई 2026 तक ऑनलाइन किए जा सकेंगे आवेदन

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** शासकीय सेवाओं में नवाचार को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से राज्य शासन द्वारा मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार (नवाचार) वर्ष 2026 के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं इस पुरस्कार के लिए ऑनलाइन आवेदन सामान्य प्रशासन विभाग की वेबसाइट ू एूंतकेण्उचण्हवअण्पद के माध्यम से किए जा सकेंगे। आवेदन की अंतिम तिथि 15 जुलाई 2026 निर्धारित की गई है यह पुरस्कार 01 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 के मध्य किए गए उल्लेखनीय कार्यों के आधार पर प्रदान किया जाएगा प्रदेश के समस्त शासकीय सेवक, जिनमें राज्य शासन के विभाग विभागाध्यक्ष एवं उनके अधीनस्थ निगम, मंडल, बोर्ड तथा संस्थाओं में कार्यरत अधिकारी-कर्मचारी शामिल हैं।

इसके लिए पात्र होंगे पुरस्कार के अंतर्गत नागरिक सेवा प्रदाय सूचना प्रौद्योगिकी एवं सुशासन शिक्षा एवं मानव संसाधन विकास, स्वास्थ्य एवं पोषण अधोसंरचना सामाजिक समावेश एवं सशक्तिकरण तथा रोजगार एवं आर्थिक विकास जैसे प्रमुख क्षेत्रों में किए गए नवाचारों को शामिल किया जाएगा। इस वर्ष कुल 15 पुरस्कार दिये जाएंगे। प्रत्येक चयनित को एक लाख रुपये की राशि प्रदान की जाएगी एक ही कार्यक्षेत्र में एक से अधिक पात्र पाए जाने पर पुरस्कार राशि उनमें समान रूप से वितरित की जाएगी पुरस्कार संबंधी विस्तृत जानकारी सामान्य प्रशासन विभाग की वेबसाइट ू एूंतकेण्उचण्हवअण्पद पर उपलब्ध है।

## अमरपाटन में 11 पेटी का सच : जनता पकड़ रही, सिस्टम गिन रहा

### तस्करी पर सवालों की बौछार—स्रोत तक क्यों नहीं पहुंचती कार्रवाई



**मीडिया ऑडीटर, मैहर (निप्र)।** जिले का अमरपाटन थाना क्षेत्र इन दिनों अवैध शराब तस्करी की चर्चाओं से गरम है। ताजा मामला 11 पेटी शराब का है, जिसे पकड़ने का श्रेय पुलिस से पहले स्थानीय लोगों को दिया जा रहा है अब सवाल यह उठता है कि अगर जनता ही पहरेदार है तो सिस्टम किस बात का पहरेदार है वायरल खबरों के मुताबिक, ग्रामीणों ने खुद शराब की खेप पकड़ी और अमरपाटन पुलिस को सौंप दी। पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है लेकिन असली सवाल अब भी दरवाजे पर खड़े हैं-कहाँ से आई किसकी थी और कहां जा रही थी क्षेत्र में यह भी चर्चा है कि बिना नंबर की गाड़ियों से वैध दुकानों से माल उठाकर ग्रामीण इलाकों में सप्लाई की जा रही है अगर ऐसा है तो यह सिर्फ तस्करी नहीं-बल्कि एक व्यवस्थित सप्लाई चेन का इशारा है हालांकि इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है स्थानीय लोगों की मांग साफ है-जब्ती से आगे बढ़िए जड़ तक जाइए वरना नशा मुक्त अभियान के पोस्टर पर चमकेगा ज़मीन पर नहीं जानकारों का कहना है कि जब तक स्रोत और नेटवर्क पर चोट नहीं की जाएगी तब तक हर बरामदगी सिर्फ अगली खेप का ट्रेलर भर होगी। पुलिस की ओर से अब तक विस्तृत खुलासा सामने नहीं आया है जिससे अटकलें और तेज हो रही हैं अब बड़ा सवाल यह है कि क्या अमरपाटन पुलिस पेटियों से आगे बढ़कर तस्करी के पैटर्न को तोड़ेगी या फिर गिनती जारी रहेगी और कहानी वही रहेगी यह मामला केवल एक शराब तस्करी का नहीं बल्कि सिस्टम की नाकामी और जनता के अवैध तस्करी के खिलाफ संघर्ष की कहानी बनता जा रहा है।

## ट्रेन की चपेट में आने से तेंदुए की मौत: तिघरा फाटक के पास पटरी पर मिला शव पहले भी हो चुकी कई वन्यजीवों की मौत




**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** सतना जिले के उचेहरा वन परिक्षेत्र अंतर्गत सतना-उचेहरा रेल खंड के तिघरा फाटक के पास एक तेंदुए की मौत हो गई। यह घटना रविवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे हुई, जब स्थानीय लोगों ने रेलवे ट्रैक पर तेंदुए का शव देखा और वन विभाग को सूचना दी सूचना मिलते ही वन विभाग हरकत में आया उचेहरा रेंजर सचिन नामदेव के नेतृत्व में वन अमले की टीम तत्काल घटनास्थल पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया सतना वन मंडल के वरिष्ठ अधिकारी भी मौके पर पहुंचे प्राथमिक जांच में ट्रेन की चपेट में आने की बात सामने आई घटना की गंभीरता को देखते हुए डॉग स्क्वायड और मुकुंदपुर टाइगर सफारी की टीम को भी जांच के लिए बुलाया गया। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि तेंदुआ रेलवे ट्रैक पार करते समय किसी अज्ञात ट्रेन की चपेट में आ गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई वन विभाग द्वारा अन्य संभावित कारणों को भी ध्यान में रखते हुए जांच की जा रही है। मृत तेंदुए के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है अधिकारियों ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सटीक कारणों की पुष्टि हो पाएगी तेंदुए की मौत की खबर की जानकारी सोशल मीडिया के माध्यम से लगते ही मौके पर लोगों का मजमा लग रहा है तेंदुए को नजदीक से देखने की जिज्ञासावश लोग काफी संख्या में पहुंच गए। हालांकि वन अमला लोगों को मौके से वापस जाने की समझाइश दे रहा है रेलवे ट्रैक पर यह तीसरी घटना सतना वन मंडल में रेलवे ट्रैक पर ट्रेन की चपेट में आ कर वन्य जीवों की मौत की यह तीसरी घटना है इससे पहले 2016 में मझगवां रेंज में एक बाघ और फिर 2025 में एक शावक की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो चुकी है तेंदुए की भी मौत पटरी क्रॉस करने के दौरान हुई है इस घटना ने वन्यजीव संरक्षण को लेकर एक बार फिर चिंताएं बढ़ा दी हैं।

### कुबरी में ओवरलोड हाईवा पकड़ा, लेकिन बड़े खेल पर कब गिरेगी गाज

# बिना टीपी, प्रतिबंधित क्षेत्र में बालू से भरा डंपर जब्त-कार्रवाई पर उठे बड़े सवाल





**मीडिया ऑडीटर, मैहर (निप्र)।** जिले के रामनगर अनुभाग अंतर्गत कुबरी (कुंवरी) के प्रतिबंधित क्षेत्र में प्रशासन ने एक ओवरलोड बालू से भरा हाईवा पकड़ा है। निरीक्षण के दौरान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एस.पी. मिश्रा और नायब तहसीलदार रोशन लाल रावत की टीम ने बिना पिटपास/टीपी के ट्रक क्रमांक MP-66-ZG-1132 को जब्त कर रामनगर थाने में खड़ा कराया। अधिकारियों के मुताबिक, वाहन प्रतिबंधित क्षेत्र में अवैध रूप से ओवरलोड रेत परिवहन करते हुए पाया गया जिस पर सख्त कार्रवाई की बात कही गई है।लेकिन यहीं से सवालों का ज्वार फूटता है-जब कुबरी क्षेत्र में लंबे समय से अवैध उत्खनन के आरोप लग रहे हैं तो सिर्फ एक हाईवा पकड़ने से क्या पूरा खेल खत्म हो जाएगा याद दिला दें हाल ही में वन विभाग की सोन घड़ियाल इकाई ने 9 ट्रक जब्त कर बड़ी कार्रवाई की थी। इसके बाद भी स्थानीय प्रशासन की कार्रवाई औपचारिकता तक सीमित दिखने के आरोप अब खुलकर सामने आ रहे हैं।स्थानीय लोगों का कहना है कि असली लड़ाई ट्रक नहीं ट्रेल की है-यानी उत्खनन स्थल और पूरे नेटवर्क पर कब कार्रवाई होगी सवाल सीधा है-रेत कहां से निकल रही है, कौन निकाल रहा है और किसके संरक्षण में यह खेल चल रहा है इन बिंदुओं पर अब तक स्पष्ट जवाब नहीं आया है जनता की मांग है कि केवल वाहनों की जब्ती नहीं बल्कि अवैध उत्खनन के स्रोत संचालकों और संरक्षण देने वालों पर सख्त और निर्णायक कार्रवाई हो अब बड़ा सवाल-क्या कुबरी में चल रहे इस रेत साम्राज्य की जड़ तक पहुंचेगा प्रशासन या फिर हाईवा पकड़कर ही एक्शन का ढोल पीटा जाएगा

## कमिश्नर ने किया उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** कमिश्नर रीवा बीएस जामोद ने रविवार को रामपुर बघेलान की उपज मंडी पहुंच कर उपार्जन केंद्र की गतिविधियों का जायजा लिया निरीक्षण के दौरान उपार्जन केन्द्र में उपलब्ध सुविधाओं को भी देखा इस मौके पर कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस भी उपस्थित रहे। कमिश्नर रीवा बीएस जामोद ने रामपुर बघेलान उपज मंडी के उपार्जन केंद्रों के निरीक्षण के दौरान किसानों से बातचीत की उन्होंने समितियों उपार्जन केंद्र संचालन कर रहे स्व सहायता समूह से कहा कि स्लॉट बुकिंग के समय अनुसार किसानों से उनकी उपज खरीदकर उसी दिन उसका इन्द्रराज करे ताकि किसानों को उसकी उपज का मूल्य शीघ्र भुगतान किया जा सके उन्होंने उपार्जन केंद्र से खरीदे गए गेहूं का ट्रांसपोर्टेशन भी समय पर करने के निर्देश दिए। रामपुर बघेलान मंडी में 3 उपार्जन केंद्रों पर खरीदी की जा रही है। कमिश्नर रीवा और कलेक्टर ने बचबई ग्राम पंचायत के रेऊरा स्थित सेलो उपार्जन केंद्र का भी निरीक्षण किया उन्होंने यहां किसानों के लिए छाया पेयजल सहित अन्य सुविधाएं बढ़ाने के निर्देश दिए रेऊरा सेलो से 4 स्व सहायता समूह के उपार्जन केंद्र और 3 समितियों के उपार्जन केंद्रों को संबद्ध किया गया है उपार्जन केंद्रों के निरीक्षण के दौरान एसडीएम सुभाष मिश्रा एलआर जांगड़े, जिला प्रबंधक नान पंकज बोरसे केंद्रीय सहकारी बैंक के प्रबंधक एससी गुप्ता सहायक आयुक्त सहकारिता प्रभाकरण प्रकाश, जिला आपूर्ति अधिकारी सम्यक जैन भी उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी मुद्रक प्रकाशक संदीप द्विवेदी द्वारा मीडिया प्रकाशन रीवा से मुद्रित कर मीडिया ऑडीटर कार्यालय प्रभात बिहार कॉलोनी सतना से प्रकाशित, संपादक संदीप द्विवेदी आर.एन.आई नं.एमपीएचआईएन/2021/81683
प्रधान कार्यालय रीवा (सिटी कार्यालय चक्रधर सिटी सेंटर रीवा) फोन. नं. 9407132714, 7974467831 Mediaauditor1@gmail.com पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार, सभी विवादो का न्याय क्षेत्र रीवा होगा।